

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03: अंक: 259 | ग्वालियर, बुधवार 21 अक्टूबर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य: 01, रुपए, पृष्ठ 8



## न्यूज ट्रैक

### इमरती देवी पर कमलनाथ की टिप्पणी से राहुल गांधी नाराज, कहा- मुझे ऐसी भाषा पसंद नहीं पूर्व सीएम का माफी मांगने से इनकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में बीजेपी नेता इमरती देवी पर कमलनाथ की आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पर नाराजगी जाहिर की है। राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कमलनाथ ने किया वह उन्हें पसंद नहीं और वह इसे बढ़ावा नहीं देते हैं, चाहे कोई भी हो। हालांकि, राहुल ने यह नहीं कहा कि पार्टी कमलनाथ के खिलाफ कोई ऐक्शन लेगी या नहीं। इस बीच कमलनाथ ने कहा है कि यह राहुल गांधी की राय है और वह माफी नहीं मांगेंगे। राहुल गांधी ने कहा, कमलनाथ जी मेरी पार्टी से हैं, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मैं इस तरह की भाषा को पसंद नहीं करता, जिसे कमलनाथ जी ने इस्तेमाल किया। मैं इसकी तारीफ नहीं करता, चाहे कोई भी हो। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। पत्रकारों ने राहुल गांधी से कमलनाथ की उस टिप्पणी को लेकर सवाल किया था जिसमें उन्होंने मध्य प्रदेश की महिला मंत्री को आइटम बताया था। राहुल गांधी ने कहा, मैं सोचता हूं कि हमारे देश में महिलाओं के साथ व्यवहार में हर स्तर पर सुधार की जरूरत है, चाहे कानून व्यवस्था की बात हो या उनके सम्मान की, या फिर बिजनेस, सरकार या दूसरे क्षेत्रों में उन्हें जो जगह दी जा रही है...हमारी महिलाएं हमारा गर्व हैं और उनकी रक्षा होनी चाहिए। कोई भी हो... मैं इस तरह की भाषा पंसद नहीं करता। कमलनाथ ने कहा, अब वह राहुल जी की राय है, उनको जो समझाया गया कि किस संदर्भ में मैंने ये कहा था। मैंने तो साफ कर दिया मैंने किस संदर्भ में कहा था, इसमें और कहने की आवश्यकता नहीं है। क्या आप माफी मांगेंगे इमरती देवी से? इसके जवाब में पूर्व सीएम ने कहा, मैं क्यों माफी मांगूंगा, मेरा लक्ष्य नहीं था किसी को अपमानित करना। यदि कोई अपमानित अहसास करता है तो मुझे खेद है, यह तो कल मैंने कह दिया था.... शिवराज जी जनता के बीच जाएं और माफी मांगें। मैंने तो खेद व्यक्त कर दिया है। राहुल गांधी के नाराज होने को लेकर सवाल पूछे जाने पर कमलनाथ ने जवाब दिया, आप क्यों इसकी चिंता करते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में अर्जी पर सुनवाई में देरी की वजह से गिरफ्तार, 45 दिन बाद सुनवाई के लिए लगी थी याचिका



**नई दिल्ली।** अग्रिम जमानत की याचिका पर जैसे ही सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई शुरू की और कहा कि यह व्यक्ति गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए। वकील ने कहा कि वह गिरफ्तार हो चुका है, क्योंकि उसकी अग्रिम जमानत अर्जी सुनवाई के लिए 45 दिन बाद लगी है। जस्टिस एएम खन्नविलकर की पीठ ने अर्जी को व्यर्थ मानकर खारिज कर दिया, लेकिन टिप्पणी की कि याचिका के सूचीबद्ध होने में इतना समय क्यों लगा। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट अग्रिम जमानत अर्जियों को जल्द से जल्द सुनेंगे और जमानत की अर्जियों का एक हफ्ते के अंदर निपटारा करेंगे। सर्वोच्च अदालत ने 2017 में यह आदेश मामलों के त्वरित निपटान के लिए दिया था।

### दिल्ली में प्रदूषण रोधी अभियान के लिए 2500 पर्यावरण मार्शल तैनात करेग आप सरकार, गांधीगीरी का लेंगे सहारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए अरविंद केजरीवाल की सरकार ने हाल में रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान की शुरुआत की थी और अब इसके प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए शहर में 2,500 पर्यावरण मार्शल तैनात किए जाएंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये मार्शल दिल्ली के 11 जिलों में 100 ट्रैफिक सिग्नल पर तैनात होंगे। गोपाल राय ने कहा कि वैसे ट्रैफिक सिग्नलों का चयन किया गया है जहां रेड लाइट का समय दो मिनट से लंबा है। उन्होंने कहा कि 21 अक्टूबर से 15 नवंबर तक रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान की शुरुआत 100 ट्रैफिक सिग्नलों पर की जाएगी। हम इन सिग्नलों पर 2,500 पर्यावरण मार्शल की तैनाती की प्रक्रिया में हैं, जो यहां अभियान के बारे में लोगों को बताएंगे। यह एक जागरूकता अभियान है न कि लागू कराने वाला अभियान। उन्होंने कहा कि ये मार्शल यहां गांधीगीरी का सिद्धांत अपनाएंगे। वे रेड लाइट पर गाड़ी बंद नहीं करने वालों को लाल गुलाब देंगे।

## लॉकडाउन, कोरोना वैक्सीन, यूरोप में वायरस रिटर्नस... संबोधन में क्या-क्या बोले पीएम मोदी?

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के नाम संबोधन में लॉकडाउन, कोरोना वैक्सीन, अमेरिका-यूरोप में वायरस के मामले फिर से ज्यादा आने के बारे में बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इस संबोधन में मास्क, दो गज की दूरी समेत अन्य जरूरी उपायों पर जोर देते हुए कहा कि यह समय लापरवाही का नहीं है। यह मान लेने का भी नहीं है कि कोरोना चला गया है या फिर कोई खतरा नहीं बचा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें यह नहीं भूलना है कि लॉकडाउन भले चला गया है, लेकिन वायरस नहीं गया है। बीते 7-8 महीनों में, प्रत्येक भारतीय के प्रयास से, भारत आज जिस संभली हुई स्थिति में हैं, हमें उसे बिगड़ने नहीं देना है और अधिक सुधार करना है। उन्होंने कहा, कोरोना के खिलाफ लड़ाई में जनता कर्फ्यू से लेकर आज तक हम सभी भारतीयवासियों ने बहुत लंबा सफर तय किया है। जीवन को गति देने के लिए हम रोज घरों से बाहर निकल रहे हैं। त्योहारों के मौसम में बाजारों में भी रौनक लौट रही है। भारत आज जिस संभली हुई स्थिति में है, उसे बिगड़ने नहीं देना है, बल्कि उसमें और सुधार करना है। प्रधानमंत्री ने कोरोना वैक्सीन को लेकर कहा कि देश में कई वैक्सीन्स पर काम चल रहा है। जब तक महामारी की वैक्सीन नहीं बन जाती, हमें कोरोना से अपनी लड़ाई को बिल्कुल भी कमोजर नहीं पड़ने देना है। उन्होंने कहा, सालों बाद हम ऐसा होते देख रहे हैं कि मानवता को बचाने के लिए पूरी दुनिया में काम हो रहा है। भारत में कई वैक्सीन पर काम चल रहा है, इसमें से कई एडवांस स्टेज में है। कोरोना की वैक्सीन जब भी आएगी, इसे देश के एक-एक नागरिकों तक जल्दी से पहुंचे इसके लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। यूरोप में कोरोना के मामले फिर से बढ़ने के उदाहरण को पेश करते हुए पीएम मोदी ने देशवासियों को सजग किया। उन्होंने चेताया कि



आज अमेरिका हो या यूरोप के दूसरे देश, इन देशों में कुछ समय पहले कोरोना वायरस के मामले कम हो रहे थे, लेकिन फिर से तेजी से बढ़ने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हाल के दिनों में बहुत से वीडियो और तस्वीरें देखी हैं, जिसमें साफ पता चलता है कि बहुत लोगों ने सावधानी बरतना बंद कर दिया है या फिर ढिलाई दे रहे हैं। अगर आप लापरवाही बरत रहे हैं और बिना मास्क के बाहर निकल रहे हैं तो अपने आपको, अपने परिजनों को उतने बड़े संकट में डाल रहे हैं।

**थोड़ी सी लापरवाही रोक सकती है गति**-प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, एक कठिन समय से निकलकर हम आगे बढ़ रहे हैं, थोड़ी सी लापरवाही हमारी गति को रोक सकती है, हमारी खुशियों को धूमिल कर सकती है। जीवन की जिम्मेदारियों को निभाना और सतर्कता ये दोनो साथ-साथ चलेंगे तभी जीवन में खुशीयां बनी रहेंगी। उन्होंने कहा, मैं आज मीडिया और सोशल मीडिया के साथियों से कहना चाहता हूं कि आप जागरूकता लाने के लिए इन नियमों का पालन करने के लिए जितना जन-जागरण अभियान करेंगे ये आपकी तरफ से देश की बहुत बड़ी सेवा होगी। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में जनता कर्फ्यू से लेकर आज तक हम सभी भारतीयवासियों ने बहुत लंबा सफर तय किया है। जीवन को गति देने के लिए हम रोज घरों से बाहर निकल रहे हैं। त्योहारों के मौसम में बाजारों में भी रौनक लौट रही है। लेकिन हमें यह भूलना नहीं है, कि लॉकडाउन भले ही चला गया हो, वायरस नहीं गया है। भारत आज जिस संभली हुई स्थिति में है, हमें उसे बिगड़ने नहीं देना है और अधिक सुधार करना है। आज देश में रिकवरी रेट अच्छी है, मृत्यु दर कम है। भारत में प्रति 10 लाख जनसंख्या पर करीब साढ़े पांच हजार लोगों को करोना हुआ है, वहीं अमेरिका और ब्राजील में यह आंकड़ा 25 हजार है।

### तेजस्वी के जॉब वादे पर नीतीश कुमार का तंज

## 10 लाख नौकरी दोगे तो पैसा कहां से लाओगे...जेल से?

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में नेताओं की ताबड़तोड़ रैली शुरू हो चुकी है। नेताओं के एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों की बौछारें भी होने लगी है। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गोपालगंज के भोरे विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा है कि कुछ लोग 10 लाख नौकरी देने का दावा कर रहे हैं। लेकिन यह नहीं बता रहे हैं कि इसके लिए आखिर पैसा कहां से आएगा। जिसके लिए जेल गएं, उसी पैसे को निकालकर नौकरी देंगे क्या? सीएम नीतीश ने मंगलवार को गोपालगंज जिले के गांधी स्मारक उच्च विद्यालय भोरे में एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार और कुचायकोट के अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहीं। नीतीश ने लालू-राबड़ी के शासनकाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पति-पत्नी के 15 वर्षों के शासनकाल में शाम होते ही घरों से बाहर निकलने की लोगों की हिम्मत



नहीं होती थी। उनके शासन में बिहार में कई सामूहिक नरसंहार हुए, लेकिन हमलोगों ने अपने शासनकाल में कानून का राज स्थापित किया है। वर्ष 2018 के भारत सरकार के आंकड़े के अनुसार ही पहले जहां कानून-व्यवस्था के मामले में बिहार निचले पायदान पर था, वहीं अब पूरे देश में 23वें स्थान पर आ गया है। बिहार का विकास दर भी पूरे देश में सबसे अधिक 12.7 प्रतिशत प्रति वर्ष हो गया है। सीएम नीतीश ने अपने 15 वर्षों के शासनकाल की उपलब्धियों के बारे में कहा कि पति-पत्नी के शासनकाल में महिलाओं को कोई इज्जत नहीं मिलती थी। हमने पंचायतों और नगर निकायों में उनके लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की। पहले महादलितों के बच्चे बड़ी संख्या में स्कूल नहीं जा पाते थे। आज आउट ऑफ स्कूल बच्चों की संख्या आधा प्रतिशत ही रह गई है। आज लड़के और लड़कियों की संख्या विद्यालयों में करीब-करीब बराबर हो गई है। अस्पतालों में भी काफी सुधार हुआ है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पहले मात्र 39 लोग सरकारी अस्पतालों में प्रतिमाह इलाज कराने जाते थे। आज औसतन 10000 लोग एक माह में इलाज कराने जाते हैं। नीतीश ने आगे कहा कि हर जिले में इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, महिला आईटीआई और एएनएम संस्थान खोले जा रहे हैं। उच्च शिक्षा के लिए गरीब लोगों के बच्चों को चार लाख रुपए तक का क्रेडिट कार्ड दिया जा रहा है। बच्चों को कुशल बनाने के लिए आज कुशल युवा कार्यक्रम के तहत संवाद कौशल,व्यवहार कौशल आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पहले पुलिस बल में महिलाओं की नियुक्ति नहीं होती थी। आज प्रतिशत महिलाएं पुलिस में काम कर रही हैं। बिजली के मामले में भी काफी सुधार हुआ है। पहले जहां 700 मेगावाट बिजली की खपत होती थी, वहीं आज 6000 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है। हर घर नल का जल 2 माह में पूरा हो जाएगा। घर-घर शौचालय काम पूरा कर लिया गया है।



### जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एनकाउंटर सुरक्षाबलों ने ढेर किए 2 आतंकी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सेना के जवान लगातार आतंकवादियों का सफाया करने में लगे हुए हैं। मंगलवार को सुरक्षाबलों ने पुलवामा में शुरू हुए एनकाउंटर में दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। घाटी में यह एनकाउंटर सेना और आतंकियों के बीच में सुबह शुरू हुआ था। दो आतंकियों को मार गिराए जाने के बाद पुलिस ने बताया कि सेना सर्च ने सर्च ऑपरेशन की शुरुआत कर दी है और पूरे इलाके की घेराबंदी भी की गई है। इसके साथ ही पिछले दो दिनों में दक्षिणी कश्मीर में अब तक चार आतंकवादियों को मार गिराया जा चुका है। इससे पहले, शोपियां जिले में सुरक्षा बलों के साथ रात भर चली मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया था, जबकि इस अभियान में अब तक दो आतंकवादियों की मौत हो चुकी है। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सोमवार शाम शोपियां के जैनापोरा इलाके के मेलहुरा में घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों द्वारा सुरक्षाबलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान एक मुठभेड़ में तब्दील हो गई थी।

### भारत ने पकड़ा पीएलए सैनिक तो गिड़गिड़ाया चीन

## याक की खोज में सीमा पार हुआ, प्लीज लौटा दें

**बीजिंग।** पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर जारी तनातनी के बीच भारतीय सेना ने एक चीनी सैनिक को पकड़ा है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उसका एक सिपाही रविवार रात को सीमा के पास से लापता हो गया। जब भारत ने उसके सैनिक को पकड़ लिया है तो अब चीन ने भारतीय सेना से प्रोटोकॉल के हिसाब से अपने सैनिक को लौटाने की गुहार लगाई है। भारतीय सेना ने सोमवार को कहा था कि उसने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक सैनिक को पूर्वी लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में सोमवार को पकड़ा है, जिसकी पहचान कर्नल के रूप में हुई है।

### लद्दाख के डेमचोक में सेना ने चीनी सैनिक को पकड़ा, मिले अहम दस्तावेज

चीनी सेना पीएलए से अपने लापता सैनिक के ठिकाने के बारे में भारतीय सेना को अनुरोध मिला है। यह घटना ऐसे वक्त में हुई है जब पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर भारत और चीन के बीच तनाव जारी है और दोनों देशों ने अपने-अपने जवानों और हथियारों की तैनाती की है। पश्चिमी थिएटर कमान के प्रवक्ता कर्नल झांग शुइली ने सोमवार रात को लापता पीएलए सैनिक पर एक बयान जारी किया और कहा कि हमारा एक चीनी सिपाही उस वक्त लापता हो गया, जब वह 18 अक्टूबर की रात एक चरवाहे को अपना खोए हुए याक को खोजने में मदद कर रहा था। हालांकि, उन्होंने अपने सैनिक की पहचान नहीं की है। पश्चिमी थिएटर कमान के प्रवक्ता कर्नल झांग ने बयान में आगे कहा कि घटना के तुरतं बाद ही चीनी सीमा रक्षकों ने भारतीय पक्ष को घटना की सूचना दे दी थी और उम्मीद जताई कि भारतीय पक्ष चीनी सैनिक को खोजने और उसे रेस्क्यू करने में मदद करेगा। झांग ने कहा कि भारतीय पक्ष ने सैनिक को खोजने में मदद करने का वादा किया था और उसे खोजने के बाद चीनी सैनिक को वापस करने का भी वादा किया था। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने चीनी समकक्ष को आश्वासन दिया था कि चीनी सैनिक को चिकित्सीय परीक्षण के बाद लौटा दिया जाएगा।

### सरकार ने उम्मीदवारों की अधिकतम चुनाव खर्च सीमा 10 फीसदी बढ़ाई

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव और मध्य प्रदेश की 28 सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव के पहले प्रत्याशियों के चुनाव खर्च की सीमा करीब दो लाख रुपए बढ़ाने की घोषणा हो गई है। चुनाव आयोग के सुझाव पर सरकार ने लोकसभा और विधानसभा उम्मीदवारों की अधिकतम व्यय सीमा 10 प्रतिशत बढ़ा दी है, क्योंकि कोविड-19 के कारण जारी दिशा-निर्देशों के चलते उन्हें प्रचार करने में परेशानी का सामना कर पड़ सकता है। इससे बिहार विधानसभा चुनाव और लोकसभा की एक तथा विधानसभा की 59 सीटों पर होने वाले उप चुनाव में उम्मीदवारों को मदद मिलेगी। चुनाव आयोग ने एक महीने पहले कोविड-19 के मद्देनजर उम्मीदवारों के धन व्यय की सीमा 10 प्रतिशत बढ़ाने का सुझाव दिया था। कानून मंत्रालय द्वारा सोमवार रात जारी की गई एक अधिसूचना के अनुसार लोकसभा चुनाव लड़ रहा उम्मीदवार अब अधिकतम 77 लाख रुपये खर्च कर सकता है।

## बिहार चुनाव: अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पर बोले सीएम योगी- हमने जैसा कहा, वैसा किया

**कैमूर।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कैमूर में प्रचार करने गए यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राम मंदिर निर्माण को लेकर कहा कि हमारी सरकार ने जो कहा, वैसा ही किया है। योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि बिहार का उत्तर प्रदेश से गहरा नाता है।



चुनावी जनसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर भी जोरदार हमला बोला। उन्होंने महागठबंधन पर कहा कि वे लोग जाति, परिवार और एक महजब के विकास की बात करते हैं। लेकिन, बीजेपी और सहयोगी दलों का संकल्प एक भारत, श्रेष्ठ भारत का है। राम मंदिर पर सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या से भगवान राम का संदेश लेकर नवरात्रि में आया हूं। विश्वामित्र की तपोभूमि से जुड़ी है रामगढ़ की भूमि। हमने जो कहा, वैसा किया। राम मंदिर बनाने का कार्य शुरू है। अब कोई नहीं कहेगा कि बीजेपी ने जो कहा, वैसा नहीं किया। एनडीए की फिर सरकार बनाएं। चुनावी रैली में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार का यूपी से बहुत पुराना व गहरा नाता है। लॉकडाउन में प्रवासी मजदूरों की सेवा में अपने पूरे शासन को लगाया।

ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

### अब आईआईएस के नक्शेकदम पर पाकिस्तान

## कश्मीर में ड्रोन से बम बरसाने की साजिश

**नई दिल्ली।** अपने पाले हुए आतंकवादियों से जम्मू-कश्मीर में खून-खराबा कराने में लगातार नाकाम हो रहा पाकिस्तान अब नई साजिशें रचने में जुटा है। पड़ोसी देश ने इस्लामिक स्टेट की तर्ज पर कश्मीर में अब ड्रोन से बम बरसाने की प्लानिंग की है। पाकिस्तान की सेना ने जम्मू-कश्मीर में विस्फोटक भरे ड्रोन से हमले कराने के लिए आतंकी समूहों को प्रशिक्षित करना शुरू कर दिया है। ये कदम इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों से प्रेरित है, जिन्होंने इराक और सीरिया में सेना को निशाना बनाने के लिए व्यावसायिक रूप से उपलब्ध ड्रोन या क्वाडकॉप्टर का इस्तेमाल किया है।

हिन्दुस्तान टाइम्स की ओर से देखे गए इंटेलिजेंस इनपुट के मुताबिक, पाकिस्तान का इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस सस्ते ड्रोन्स के जरिए ना केवल सर्विलांस और प्रोपेगेंडा के लिए हमलों के लाइव फीड कैप्चर करना चाहता है बल्कि इनसे बम अटैक करके



इस्लामिक स्टेट की सफलता को दोहराना चाहता है। इस साल अप्रैल में पंजाब प्रांत के तक्षशिला में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के कमांडरों के साथ बैठक में आईएसआई ने सबसे पहले अपनी योजना रखी। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के कोटली जिले में ब्रिगेड मुख्यालय में अगले महीने एक अहम बैठक हुई। इन बैठकों में जिन विकल्पों की खोज की गई थी, उनमें क्वाडकोप्टर का उपयोग था जिसकी रेंज तीन किमी की सीमा तक हो सकती है और 5 किलो तक विस्फोटक ले जा सकता है। ये ड्रोन दुश्मन के ठिकानों पर कम मात्रा में गोला-बारूद गिराने के लिए प्रयोग किए जाते हैं। एक वरिष्ठ भारतीय आतंकवाद निरोधी अधिकारी ने कहा कि बीएसएफ और सेना को कहा गया है कि वे सीमा के पास सुरक्षा शिविरों और चौकियों को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल हो सकने वाले ड्रोन्स को बेअसर करने के लिए तैयार रहें। लेकिन अगर ड्रोन सीमा पार से उड़ान भरते हैं, तो ये एकतरफा नहीं होगा। अधिकारी ने कहा, अगर पाकिस्तान इसे शुरू करता है, तो जवाबी हमले हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी योजना के बारे में इनपुट्स आने के बाद (सुरक्षा) बलों ने इस पर काम शुरू कर दिया है।बता दें कि पाकिस्तानी एजेंसियों, उसके उपकरणों, हथियारों और नार्को-ट्रैफिकर्स ने पंजाब और जम्मू-कश्मीर में ड्रोन का इस्तेमाल किया है, लेकिन अब तक इसका इस्तेमाल ड्रग, हथियार, विस्फोटक और नकली भारतीय मुद्रा की तस्करी के लिए किया गया है। भारत ने हाल ही में पाकिस्तान की ओर से हथियार लेकर भेजे गए कई ड्रोन्स को जब्त किया है।

# पंचायत में मनरेगा के कार्य हो रहे मशीनों से, मजदूर आस लगाए रोजगार की

**रिपोर्टर पुष्पेन्द्र राजपूत दिनारा शिवपुरी करैरा /** करैरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छितीपुर में रविवार की शाम पंचायत में आए कुंए को एल एनटी मशीन द्वारा रातों रात खुदवाया गया है करैरा की ग्राम पंचायत छितीपुर में कराए जाने वाले विकास कार्यों को मजदूरों से नहीं कराकर मशीनों से रात में कराया जा रहा है। इससे गांव में रहने वाले गरीब मजदूर काफी परेशान है। इन मजदूरों से मनरेगा के तहत मजदूरी नहीं कराई जा रही है। मजदूरी नहीं मिलने से ग्रामीण अपने परिवार का भरण-पोषण तक ठीक ढंग से नहीं कर पा रहे है। सबसे ज्यादा परेशानी उन मजदूरों को होती है। जिनके पास खेती करने के लिए एक इंच भी जमीन नहीं है। यह लोग केवल मजदूरी के भरोसे ही रहते है। गांव में काम नहीं मिल पाने की वजह से अधिकतर मजदूर शहरों की ओर पलायान करने के लिए मजबूर है।यहां बता दें, कि मनरेगा योजना को शुरू करने के पीछे सरकार का मकसद था, कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले गरीब मजदूरों को कम से कम 100 दिन रोजगार मिले। जिससे गरीब मजदूरों को मजदूरी के लिए शहरों की तरफ पलायान नहीं करना पड़े और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो। इसलिए सरकार ने सभी ग्राम पंचायतों को आदेश किया था, कि गांवों में होने वाले विकास कार्यों में मनरेगा के तहत गरीब मजदूरों से मजदूरी कराई



जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों की जगह मशीनों से काम कराया जा रहा हैं। जिससे गरीबों के हक पर डांका डाला जा रहा है।

यह मामला ग्राम पंचायत ग्राम छितीपुर का सामने आया है। मनरेगा के तहत कुंआ की खुदाई मजदूरों की जगह एल एनटी मशीन से रातों रात कराई जा रही है। यह कुआँ स्थानीय मजूदरों के द्वारा खोदा जाना था। लेकिन पूरी योजना को सरपंच, और सहायक सचिव ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। दोनों ने आपस में मिली भगत करके मजदूरों का काम एल एनटी मशीन से कराकर लाखों रुपयों का भ्रष्टाचार कर लिया। शासन से पैसे वसूल करने के लिए दोनों फर्जी मास्टर में दूसरों के नाम पते और खाते नंबर भरकर पैसे डलवाकर निकाल लेते हैं। जिनके नाम से पैसे निकालते है। उन्होंने कभी एक गड्ढा भी नहीं खोदा होगा और उनके खातों में पैसे डाल कर निकाले लेते हैं। जिला के वरिष्ठ अधिकारी भले ही अधिकारियों को मनरेगा के तहत मजदूरों से कार्य करवाने के लिए भले ही प्रेरित कर रहे हो लेकिन उन्हीं के अधीनस्थ कर्मचारी सरपंच सचिव मजदूरों से कार्य न कराकर मशीनों से कार्य करवा रहे हैं। हम बात कर रहे हैं करैरा ब्लाक की ग्राम पंचायत छितीपुर का जहां पर बीच बस्ती में कुएं की खुदाई एलएनटी मशीन के माध्यम से करवा दी जब इस संबंध में गांववालों से पूछा तो उन्होंने बताया मशीन अभी निकली है उसी मशीन के द्वारा कुएं की पूरी खुदाई हुई है। मशीनों के चलते मजदूरों को काम नहीं मिला पा रहा है। मजदूरों ने बताया हम लोग सरकार के भरोसे बैठे हैं कि हम लोगों को मनरेगा के पूरे कार्य मिले सरपंच सचिव द्वारा मशीनों से रात के समय काम करवा लेते हैं हम लोगों को काम नहीं मिल रहा।



## थानाउटीलापुलिसने बदमाश को 315 बोर की 01 अधिया व 01 जिंदा राउंड सहित किया गिरफ्तार



**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमितसांघी, भापुसे द्वारा आगामी विधानसभा उपचुनाव को दृष्टिगत रखते हुये जिले में अवैध हथियार रखने वाले बदमाशों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ग्रामीण जयराजकुबेर एंव एसडीओपी बेहट रामनरेष पचौरी द्वारा अपने अधीनस्त सभी थाना प्रभारियों को अवैध हथियार रखने वाले बदमाशों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में दिनांक 20.10.2020 को थाना प्रभारी उटीला उनि. रघुवीर सिंह मीणा को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्रामटि होली के पास एक बदमाष अवैध हथियार लिये वारदात करने की नियत से खडा है। उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुयेथाना प्रभारी उटीला ने मय थाना बल के साथ मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर बदमाष को धर दबोचा। उक्त बदमाष से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जसवंत पुत्र गौरीषंकर बरैठा निवासी ग्राम अर्गेली जिलाग्वालियर बताया। गिरफ्तार बदमाष की तलाषी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर की 01 अधिया व 01 जिदां राउंड बरामद किया। उक्त बदमाष के विरूद्ध थाना उटीला में आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार बदमाष के विरूद्ध पूर्व मे भी करीब आधा दर्जन अपराध पंजीबद्ध है।



## गाय के टकराने से हुआ एक्सीडेंट, चार घायल

**दबोह(अर्पित गुप्ता)।** मामला दबोह थाना क्षेत्र का है जहां पर दबोह से बड़ा पोरसा जा रहे चार लोग बुरी तरह जख्मी हो गए।जिसके बाद लोगो ने एक्सीडेंट की खबर डायल 100 को दी।मौके पर पहुंचकर डायल 100 के द्वारा घायलों को दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए लाया गया।जिसके बाद घायलों की स्तिथि नाजुक देखते हुए उन्हें रैफर कर दिया गया।घायलों में से आशा कुशवाह ने बताया कि वह दबोह थाना क्षेत्र के ग्राम अमाहा से बड़ा पोरसा मोटरसाइकिल से जा रही थी तभी अचानक गाय के आ जाने से एक्सीडेंट हो गया और बाइक चालक जनवेद समेत आशा कुशवाह,ममता देवी व बेटा आशीष घायल हो गया।



## मन्दिर से दर्शन करके लौट रहे युवक को डम्फर ने मारी टक्कर, बाइक सवार घायल





**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

दबोह क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मन्दिर कांक्सी मंदिर से दर्शन करके आने घर दबोह वापस लौट रहे एक बाइक सवार युबक को डम्फर ने टक्कर मार दी जिसकी वजह से युवक बुरी तरह जख्मी हो गया।पुलिस के अनुसार दबोह निबासी कृष्णा आई केयर सेंटर के संचालक कृष्ण कुमार गुप्ता कांक्सी सरकार हनुमान जी के दर्शन करके आ रहे थे तभी एक डम्फर चालक ने लापरवाही से कांक्सी मोड़ पर उनकी मोटर साइकिल में जबरजस्त टक्कर मार दी जिसकी वजह से उन्हें गम्भीर चोट आई हैं।तो वहां ट्रक पास ही बने एक मकान में जा घुसा जिसके बाद मौके पर खड़े लोगो ने डायल 100 को खबर दी दबोह पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल युवक कृष्ण कुमार गुप्ता को दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य पहुचाया। जहाँ से युवक की हालत को गंभीर बताते हुए उन्हें ग्वालियर रैफर किया गया। फिलहाल तो युवक की हालत गम्भीर बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और ट्रक का चालक फरार होना बताया जा रहा है। ट्रक नम्बर 8832 बताया जा रहा है फिलहाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बिबेचना में ले लिया है।खबर लिखे जाने तक प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक के एक हाथ व एक पैर में बुरी तरह से फेक्चर है व शरीर के अन्य हिस्सों में भी गम्भीर चोटे हैं।

## डांक मतपत्र एवं ईडीसी हेतु फेसिलिटेशन सेन्टर बनाए जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**भिण्ड।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने विधानसभा उप निर्वाचन 2020 अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र 12-मेहगांव एवं 13-गोहद (अजा) के रिटर्निंग ऑफीसर के लिए डांक मतपत्र एवं ईडीसी हेतु फेसिलिटेशन सेन्टर बनाए जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन 2020 के लिए डांक मतपत्रों एवं ईडीसी की सुविधा हेतु डांक मतपत्र एवं ईडीसी के आवेदन क्रमश प्रारूप 12 एवं 13 क जिले में आयोजित विधानसभावार प्रशिक्षणों में 7 अक्टूबर 10 अक्टूबर 2020 तक कराए जा चुके है। उप विधानसभा निर्वाचन हेतु अगले प्रशिक्षण में डाकमत पत्र शाखा द्वारा प्राप्त डाकमत पत्रों एवं ईडीसी के आवेदनो का परीक्षण उपरांत सही पाए जाने पर आपको डांक मतपत्रों एवं निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र आगामी प्रशिक्षणो में फैसिलिटेशन सेंटर बनाए जाकर वितरण हेतु प्रदाय किए जाएंगे।

## इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में राजनैतिक विज्ञापनों का प्रसारण बिना प्रमाणन के नहीं हो सकेगा

**भिण्ड।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने निर्देश दिए हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (टीवी, केबल नेटवर्क, रेडियो, बल्क मेसेज, वॉइस मेसेज आदि) मे राजनैतिक विज्ञापनो का प्रसारण सक्षम एमसीएमसी समिति के प्रमाणन के बगैर नहीं हो सकेगा। आपने यह भी स्पष्ट किया कि राजनैतिक दलों अथवा अभ्यर्थियों के द्वारा औडियो-विजूअल कैम्पेन मे प्रयोग किया जाने वाला कोई भी विज्ञापन बिना एमसीएमसी के प्रमाणन के नहीं चलाया जा सकेगा। ऐसा करने पर संबन्धित व्यक्ति, संचालक, अभ्यर्थी आदि केखिलाफ प्रावधानानुसार कार्यवाही की जाएगी। इसके अंतर्गत उपकरणो का जब्त किया जाना भी शामिल है। कलेक्टर ने उक्त का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने हेतु निगरानी दलों को सक्रिय रहने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दल, पंजीकृत/अपंजीकृत राजनैतिक दल अथवा अभ्यर्थी प्रस्तावित प्रसारण के कम से कम 3 दिन पूर्व एवं अन्य समूहो को कम से कम 7 दिन पूर्व एमसीएमसी समिति के समक्ष आवेदन निर्धारित प्रपत्र मे समस्त आवश्यक प्रविष्टियों समेत प्रस्तुत करना होगा।



## प्तनवदुर्गा महोत्सव

उड़ान वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आज कैंसर पहाड़िया पर वहां के नागरिकों के साथ विशेष रूप से बुजुर्गों महिलाओं और बच्चों के साथ नवदुर्गा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उनके जरूरत का सामान ( वस्त्र शॉल जूते बेडशीट आदि) एवं खाद्य सामग्री वितरित किया गया। कॉरोना वायरस की वजह से काफी महीनों तक लॉक डाउन की स्थिति बनी रही जिसकी वजह से बहुत से लोग आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गए। आर्थिक कमी की वजह से त्योहार में कोई कमी ना आए या उनको अकेलापन महसूस ना हो इसी उद्देश्य से उड़ान वेलफेयर के सभी सदस्यों ने उनके साथ थोड़ा समय बिताया और उनको अपनापन महसूस हो इसी उद्देश्य से थोड़े बहुत वस्तुओं का वितरण भी किया गया जो कि हमारे भारतीय सभ्यता और संस्कृति हमें सिखाती है कि सभी के साथ सम्मिलित रूप से त्योहार मनाना चाहिए।आगे भी दुर्गा महोत्सव में 20 अक्टूबर को मास्क वितरण 22 अक्टूबर को पशुओं को खाद्य एवं चारा वितरण 24 अक्टूबर को उत्कृष्ट पंडाल सम्मान समारोह 25 अक्टूबर को वृद्ध सेवा दिवस मनाया जाएगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था अध्यक्ष सीता पाणीग्राही बबीता गुप्ता, गीतांजलि राजपूत, साक्षी रावत, प्रिया बाबरा, चंचल गुप्ता, हर्षिता गुर्जर, कंचन शर्मा ,गीता सूर्यवंशी, कोमल आदि उपस्थित रहीं।

## सी विजिल ऐप के माध्यम से की जा सकती हैं निर्वाचन सम्बंधी शिकायतें

**भिण्ड।** निर्वाचन प्रक्रिया मे पारदर्शिता को बढ़ाने हेतु एवं नागरिकों द्वारा निर्वाचन संबंधी शिकायतों की बिना पहचान प्रदर्शित किए सहभागिता बढ़ाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग ने ष-1द्बद्दद्बद्य एप की सुविधा उपलब्ध कराई है। यह एक एण्ड्रोइड आधारित एप है जिसके माध्यम से रियल टाइम मे शिकायते प्रेषित की जा सकेंगी। इसके अतिरिक्त शिकायतकर्ता कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1950 मे भी अपनी समस्याएँ दर्ज करा सकते हैं। इसीप्रकार अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों को रैली, आमसभा हेतु आसानी से अनुमति प्रदान करनेके लिए एप्लिकेशन की व्यवस्था भारत निर्वाचन आयोग ने की है। जिसके माध्यम से अंतर्विभागीय समन्वय के साथ समयबद्ध अनुमति प्रदान की जाती है।




मास्क लगाओजीवन बचाओ उड़ान बेल फेयर ट्रस्ट कोरोना वायरस का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा है. जैसा कि हम सबको पता है कि अभी तक इसका वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। अभी तो इस वायरस से बचाव का माध्यम मास्क ही है, हर व्यक्ति का जीवन बहुमूल्य है इसको सहेज के रखना ना केवल हमारी जिम्मेदारी है बल्कि कर्तव्य भी है। इसी उद्देश्य से लोगों को जागरूक करने के लिए उड़ान वेलफेयर ट्रस्ट* द्वारा *मास्क* *लगाओ जीवन बचाओ* *अभियान* चलाया गया। जिसके तहत फूल बाग चौराहे पर मास्क वितरित किया गया और संस्था सदस्यों द्वारा *मास्क लगाओ जीवन बचाओ* *स्लोगन* के माध्यम से आसपास के लोगों को उसका महत्व समझाएं। अभियान में *मुख्य अतिथि* के तौर पर *राजकुमार गुप्ता जी* प्रदेश अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश युवा इकाई ,संस्था की अध्यक्षा सीता पाणीग्राही, गीतांजलि राजपूत ,साक्षी रावत, बबीता गुप्ता , रजनी अग्रवाल, चंचल गुप्ता, हर्षिता गुर्जर, कंचन शर्मा, प्रिया बावरा ,निकिता शर्मा, कोमल ,हैरी गुप्ता ,दिवाकर भदोरिया आदि उपस्थित रहे।



## माताजी मंदिर की छट्टी वर्ष गांठ धुम धाम से मनाई

**प्रेस –नारायणलाल सैणचा**

**मध्यप्रदेश–** सीरवी समाज शमशाबाद द्वारा श्री आई माताजी मंदिर बड़ेर के प्राण प्रतिष्ठा की छट्टी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई इस मौके पर श्री आई माताजी मंदिर की ध्वजा अध्यक्ष आसाराम गहलोत के परिवार द्वारा चढ़ाई गई, साथ ही बाबा रामदेव जी की ध्वजा प्रकाश लचेटा उनके परिवार द्वारा चढ़ाई ,व हनुमान जी की ध्वजा पूर्व अध्यक्ष हरजीराम के पुत्र गणपत एवं उनके परिवार द्वारा चढ़ाई गई सीरवी समाज शमशाबाद के अध्यक्ष आशाराम गहलोत सचिव भूराराम परिहार सह- साचिव जगदीश काग ,कोषाध्यक्ष हरिराम परिहारिया ,सह कोषाध्यक्ष पुखाराम परिहारिया ,खेल मंत्री पुखराज पंवार ,सलाहकर सद्स्य चेलाराम काग, बगदराम परिहार , मीडिया प्रभारी भीकाराम ( भूपेंद्र ) काग , महिला मंडल की अध्यक्षा तिजा देवी गहलोत, सचिव भारती परिहारिया कोषाध्यक्ष पूजा काग । समाज के कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला मंडल सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

## अभ्यर्थी को आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में करनी होगी घोषणा

**भिण्ड ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने बताया है कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों अनुसार अभ्यर्थी को अपनेपूर्व के प्रचलित आपराधिक प्रकरण एवं दोष सिद्ध प्रकरण के संबंध में घोषणा करनी होगी। इसके लिये नाम-निर्देशन पत्र के साथ शपथ पत्र (फार्म-26) में इसका उल्लेख करना होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस सम्बंध में निर्देश जारी किये गये हैं कि प्रत्येक अभ्यर्थी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये प्रारूप अनुसार उसमें दिये गये सभी विवरण को भरेगा। अभ्यर्थी स्वयं पर लंबित अपराधिक प्रकरण के संबंध में बड़े अक्षर में विवरण भरेगा। यदि अभ्यर्थी किसी राजनैतिक दल द्वारा टिकिट दिये जाने पर निर्वाचन लड़ रहा है, तो उसे स्वयं पर लंबित अपराधिक प्रकरण के संबंध में उस राजनैतिक दल को सूचना देना अनिवार्य होगा। संबंधित राजनैतिक दल अभ्यर्थी द्वारा दिये गये स्वयं पर लंबित अपराधिक प्रकरण की जानकारी स्वयं की वेबसाईट में दिखाये जाने हेतु बाध्य होंगे। साथ ही, अभ्यर्थी एवं संबंधित राजनैतिक दल इस संबंध में एक घोषणा जारी करेंगे, जिसे उनके द्वारा समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित/प्रकाशित कराना होगा। प्रकाशन करने से तात्पर्य नाम-निर्देशन पत्र भरने के पश्चात् कम से कमतीन बार प्रकाशन स्थानीय तौर पर अधिक प्रसार संख्या वाले समाचार पत्रों में एवं टी.व्ही. चौनलों पर उनके द्वारा कराया जाना होगा।



## शिविर में लगभग 50 यूनिट रक्तदान किया गया

गिरगांव महादेव मंदिर पर संत शिरोमणि हरि गिरि महाराज रक्तदान शिविर का आयोजन ग्वालियर चंबल गुर्जर समाज की ओर से किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री धुआराम सिंह गुर्जर सीएमओ जे ग्वालियर, राकेश रुस्तम सिंह जिला पंचायत सदस्य मुरैना, श्री राजवीर सिंह गुर्जर डिप्टी कमांडेंट बीएसएफ, श्री अनिल गुर्जर उप निरीक्षक भिंड पुलिस, श्री अशोक सिंह गुर्जर अहमाना कंट्रक्शन गिरगांव ग्वालियर, श्री भानु प्रताप सिंह दीमान जी अतवीरसिंह रामेद गिरगाँव चंद्रकांत रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से पथवारी माता भक्त मंडल सुकांड गोरमी गिरगांव महादेव मित्र मंडल ग्वालियर ऑल इंडिया फोर्स ग्रुप के सदस्यों द्वारा रक्तदान शिविर में भाग लिया गया जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया और संदेश दिया कि ग्वालियर चंबल में कहीं भी किसी को रक्त की आवश्यकता होती है तो गुर्जर समाज की ओर से हमेशा रक्त दिया जाएगा।



## विधानसभा उपचुनाव: मध्य प्रदेश के 28 सीटों के लिए

# 355 प्रत्याशी मैदान में 3 नवंबर को वोटिंग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के 28 विधानसभा उपचुनावों के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 355 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार 19 जिलों के 28 विधानसभा क्षेत्रों में सोमवार को नाम वापसी के दौरान 35 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिये। नाम वापसी के बाद 355 अपनी किस्मत आजमाने के लिए मैदान में हैं। सागर जिले के सुरखी विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक सात प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए, जिसके बाद 15 प्रत्याशी शेष हैं। यहां पर राज्य के परिवहन मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी गोविंद राजपूत का मुख्य मुकाबला कांग्रेस की पारुल साहू के साथ हैं। नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद जौरा में 15, सुमावली में नौ, मुरैना में 15, दिमनी में 13, अंबाह में 15, मेहगांव में 38, गोहद में 15, ग्वालियर में नौ, ग्वालियर पूर्व में 12, डबरा में 14, भांडेर में 13, करैरा में 13, पोहरी में 13, गुना में 12, अशोकनगर में नौ, मुंगावली में 13, मलेहरा में 19, सांची में 15, आगर में आठ, हाटपिपल्या में 11, मांधाता में आठ, नेपानगर में आठ, बदनावर में तीन, सुवासरा में नौ, अनूपपुर में 12, सांवेर में 13 और ब्यावरा में आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में शेष हैं। सबसे अधिक 38 प्रत्याशी मेहगांव में और सबसे कम तीन प्रत्याशी बदनावर विधानसभा क्षेत्र में हैं। प्रत्याशियों को लेकर तस्वीर साफ होने के बाद इन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार अभियान जोर पकड़ेगा। इन सभी क्षेत्रों में मतदान 03 नवंबर को और मतगणना 10 नवंबर को होगी। राज्य की 28 में से 25 क्षेत्रों में उपचुनाव तत्कालीन विधायकों के त्यागपत्र देने और शेष तीन में तत्कालीन विधायकों के निधन के कारण हो रहे हैं। इन उपचुनावों से राज्य की सरकार का भविष्य तय होगा। कुल 230 सीटों में से वर्तमान में 202 विधायक हैं। इनमें सत्तारूढ़ दल भाजपा के 107, कांग्रेस के 88, बसपा के दो, समाजवादी पार्टी का एक और चार निर्दलीय विधायक हैं। कुल 230 विधायक होने की स्थिति में किसी भी दल को सदन में बहुमत साबित करने के लिए न्यूनतम 116 विधायकों की जरुरत है।

### अगर कोई किसी की मां-बहन को आइटम कहेगा तो...

# कमलनाथ पर शिवराज का एक और हमला

**भोपाल।** कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आइटम वाले बयान पर बवाल जारी है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमलनाथ द्वारा आइटम 'वाली टिप्पणी को लेकर स्पष्टीकरण जारी करने के बाद उन पर एक बार फिर से हमला किया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आपको क्या हो गया है। आपने जो कहा है मैं उसे दोहरा भी नहीं सकता।

सोमवार को एक चुनावी रैली के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमलनाथ पर हमला करते हुए कहा, पूर्व सीएम कमलनाथ आपको क्या हो गया है। आप 74 साल के हैं और आपने भाजपा नेता इमरती देवी के बारे में जो कुछ भी कहा, उसे मैं दोहरा भी नहीं सकता। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि जब हमने आपत्ति जताई तो उन्होंने बेशर्मी से सभी को खुद सहित एक आइटम कहा ... अगर कोई किसी की मां और बहन को आइटम कहेगा, तो क्या आप इसे सहन करेंगे? इससे पहले ग्वालियर जिले के डबरा से भाजपा प्रत्याशी एवं राज्य की मंत्री श्रीमती इमरती देवी को लेकर की गई टिप्पणी के एक दिन बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा था। कमलनाथ ने पत्र में लिखा कि उन्होंने अपने 40 वर्ष के सार्वजनिक जीवन में सदैव महिलाओं का सम्मान किया है और वे सदैव महिलाओं का सम्मान करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि लेकिन वह महिलाओं के सम्मान का दिखावा कर कुत्सित राजनीति नहीं करेंगे। कमलनाथ ने पत्र में लिखा है कि उन्होंने डबरा की सभा में अपने संबोधन में कोई भी असम्मानजनक टिप्पणी नहीं की है। वहीं, चुनाव आयोग ने कमलनाथ द्वारा की गई टिप्पणी पर सोमवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट मांगी। कमलनाथ ने ग्वालियर के डबरा में रविवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा उम्मीदवार इमरती देवी के बारे में कथित टिप्पणी की थी। इमरती देवी सहित 21 अन्य विधायकों ने मार्च में कांग्रेस से और विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद कमलनाथ सरकार गिर गयी थी। इन विधायकों को ज्योतिरादित्य सिंधिया का करीबी माना जाता है। चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ÷मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर, हमने एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। यह मंगलवार को आयोग को मिल जाएगी। इसके आधार पर आयोग विचार करेगा।



**कमलनाथ ने क्या कहा था-** सुरेश राजे जी हमारे उम्मीदवार हैं... ये उसके जैसे नहीं हैं...क्या है उसका नाम.... मैं क्या उसका नाम लूं?...आपको तो मुझे पहले ही सावधान करना चाहिए था.... ये क्या आइटम है....। कमलनाथ ने यह हिंदी में ही कहा, जबकि भीड़ इमरती देवी का नाम ले रही थी।

## कोरोना वायरस संक्रमण के 1015 नए मामले, 13 और लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 1015 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही प्रदेश में इस वायरस से अब तक संक्रमित पाए गए लोगों की कुल संख्या 1,61,203 हो गई है। राज्य में पिछले 24 घंटों में इस बीमारी से 13 और व्यक्तियों की मौत की पुष्टि हुई है जिससे महामारी से मरने वालों की संख्या 2,786 हो गई है। इस संबंध में राज्य के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण से भोपाल में तीन, इंदौर, ग्वालियर में दो-दो, जबलपुर, धार, दमोह, हरदा, श्योपुर, एवं बुरहानपुर में एक-एक मरीज की मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा, राज्य में अब तक कोरोना वायरस से सबसे अधिक 659 मौत इंदौर में हुई हैं, जबकि भोपाल में 451, उज्जैन में 97, सागर में 117, जबलपुर में 194 एवं ग्वालियर में 153 लोगों की मौत हुई है। बाकी मौत अन्य जिलों में हुई हैं। अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में सोमवार को कोविड-19 के 181 नए मामले इंदौर जिले में सामने आए, जबकि भोपाल में 190, जबलपुर में 60 और ग्वालियर में 24 नए मामले दर्ज किए गए।




## सीएम शिवराज के रोड शो में हुआ कोरोना गाइडलाइन्स का उल्लंघन, बीजेपी नेता पर मामला दर्ज

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सोमवार शाम आयोजित चुनावी रोड शो में अनुमति की शर्तों और कोविड-19 से बचाव के दिशा-निर्देशों के कथित उल्लंघन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि यह मामला भाजपा के एक स्थानीय नेता के खिलाफ दर्ज किया गया है जिसके आवेदन पर सांवेर कस्बे में मुख्यमंत्री के रोड शो की अनुमति दी गई थी।

सांवेर पुलिस थाने के प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने बताया कि सोमवार शाम निकाले गए रोड शो को इन शर्तों पर मंजूरी दी गई थी इसमें केवल पांच वाहन शामिल होंगे और शारीरिक दूरी व कोविड-19 से बचाव के अन्य दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। उन्होंने सांवेर के रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय से पुलिस थाने को भेजे गए पत्र के हवाले से बताया कि अनुमति की शर्तों का उल्लंघन करते हुए मुख्यमंत्री के रोड शो में 20 से 25 गाड़ियां शामिल हुईं। इस चुनावी आयोजन में शारीरिक दूरी के नियम का पालन नहीं किया और इसमें शामिल कई लोगों ने महामारी से बचाव के लिए मास्क भी नहीं पहना। थाना प्रभारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के रोड शो में नियम-शर्तों के कथित उल्लंघन पर स्थानीय भाजपा नेता दिनेश भावसार के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 188 (किसी सरकारी अधिकारी का आदेश नहीं मानना) के तहत सोमवार देर रात मामला दर्ज किया गया। इस नेता के आवेदन पर ही मुख्यमंत्री के चुनावी रोड शो की अनुमति दी गई थी। सांवेर, सूबे के उन 28 विधानसभा क्षेत्रों में शामिल है जहां तीन नवंबर को उप चुनाव होने हैं। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर मुख्य चुनावी भिड़ंत प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और पूर्व लोकसभा सांसद प्रेमचंद गुड्डू के बीच है। वे क्रमशः भाजपा और कांग्रेस की ओर से चुनावी मैदान में उतरे हैं।

# दो बच्चे खेलते समय छत से गिरे

**भिंड।** गोहद , घटना सोमवार शाम 7:30 बजे की है दो बच्चे अलग अलग जगह खेलते समय छत से गिरे, जिस कारण उनके सर में गंभीर चोट आई और शीघ्र ही उन्हें ग्वालियर जय रोग अस्पताल के लिए भेजना पड़ा , यह पूरा मामला थाना गोहद अंतर्गत ग्राम मकाटा के रहने वाले राकेश कुशवाह की पुत्री संजना उम्र 2 वर्ष अपने घर की छत पर साथी बच्चों के साथ खेल रही थी कि अचानक उसका पैर फिसल जाने के कारण वह छत से नीचे गिर पड़ी, और जिस कारण उसके सर में गंभीर चोट आई संजना की मां जो उस समय खाना बना रही थी उसने जब बच्चों की चीख-पुकार से बढ़कर आई और बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसके पिता को बुलाकर शीघ्र ही पड़ोसियों की मदद से संजना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद पहुंचाया जिससे उसका उपचार जारी किया जा सका,उधर उसी समय गोहद चौराहा के मुन्ना ठेकेदार के यहां काम करने वाले मजदूर सत्यभान पा टी और उसकी पत्नी जो कि अपने निज ग्राम कोटा वारी जिला शाहजहांपुर को दिवाली की छुट्टियां मनाने के लिए अपने निज ग्राम वापस जाने की तैयारी में थे और अपना सामान बांध रहे थे कि अचानक उनका लड़का मोहित उम्र 5 साल खेलते खेलते घर की छत पर चला गया और उसका वहां से पैर फिसल गया जिस कारण उसके सर में भी गंभीर चोटें आईजिसे पड़ोसियों की सहायता से शीघ्र ही समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, दोनों बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए,डॉ वीरेंद्र सिंह ने 108 पर फोन लगाकर सूचना दी, गोहद चौराहा थाना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी और उनके साथी ईएमटी सत्येंद्र सिंह सैनी ने बिना समय गवाएं शीघ्र समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे और बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी ने दोनों बच्चों को 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के द्वारा शीघ्र ग्वालियर जय रोग अस्पताल में भर्ती कराया जिससे उन्हें समय पर उचित इलाज किया जा सका और उन बच्चों को समय पर सही उपचार मिल सका।



## मतदान केन्द्रों पर कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए की जा रही है आवश्यक व्यवस्थाएं

**रायसेन।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विधानसभा उप चुनाव-2020 कार्यक्रम के तहत सॉची विधानसभा उप चुनाव के लिए 03 नवम्बर को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों पर पीपीई किट, मास्क, सेनेटाईजर, फेस शील्ड, डस्टबीन आदि उपलब्ध रहेंगे।

## निर्विघ्न चुनाव सम्पन्न कराने मतदान संबंधी समस्त दिशा-निर्देशों की जानकारी जरूरी- जिला निर्वाचन अधिकारी

**रायसेन।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदान दलों के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मतदान दलों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराने के साथ ही सफलतापूर्वक मतदान समपन्न कराने की समस्त जानकारी दी रही है। उल्लेखनीय है कि सांची उप चुनाव सम्पन्न कराने 475 मतदान दलों के 1900 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने प्रशिक्षण केन्द्र पहुंच कर प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण ले रहे मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित किया। साथ ही उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स डॉ एके जुनेजा, श्री अरूण गोयल तथा श्री एके सिंह से मतदान दलों के प्रशिक्षण के विषय पर चर्चा की। कलेक्टर श्री भार्गव ने कहा कि मतदान दल गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। जिससे मतदान कराने में कठिनाई ना आए। गम्भीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तो गलती की संभावना नहीं होगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अत्यन्त महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और मतदान केंद्र पर प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। निर्वाचन सुचिता, पारदर्शिता और निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिये निर्वाचन की सूक्ष्म से सूक्ष्म जानकारी होना आवश्यक है। अपर कलेक्टर श्री अनिल डामोर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान दलों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतदान प्रक्रिया का पूर्णतः पालन करने एवं कोरोना महामारी के चलते मतदान के दौरान कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिये कहा। प्रशिक्षण केन्द्र में पीओ-01, पीओ-02 तथा पीओ-03 को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दिनांक 20 अक्टूबर को कुल 320 मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री प्रमोद गुर्जर भी उपस्थित थे।

# गद्दारों का कोई ईमान धर्म नहीं होता: अनिरुद्ध प्रताप सिंह

गोहद, राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह राजावत ने उपचुनाव गोहद विधानसभा के 1 दर्जन से अधिक ग्रामों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा है कि भारत के लोकतंत्र में इस गद्दारी को हमेशा याद रखा जाएगा प्रदेश के इन गद्दारों ने जनता के मत को बेचकर जो गद्दारी की कालिख प्रदेश के नाम पर पोती है इसका खामियाजा गद्दारों को भुगतना पड़ेगा गोहद क्षेत्र के विधायक रहे रणवीर जाटव ने पिछले 15 माह में जनता विश्वास का गला घोटा है बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान में कभी नहीं यह सोचा होगा कि मेरे द्वारा लिखे गए संविधान में इस तरह विधायक बिचेंगे किसानों द्वारा चुनी हुई सरकार पैसों के दम पर गिरेगी लेकिन इन 25विधायकों ने बाबा साहब के संविधान की हत्या करते हुए एक नया संविधान रचा है और मध्यप्रदेश को देश में कलंकित किया है ऐसे गद्दारों को कलंकित करने वाले मध्य प्रदेश के इन विधायकों को जनता 3 नवंबर को होने वाले मतदान में शिकस्त देगी और एक बार फिर पुनः नई कांग्रेसी सरकार का गठन होगा। राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल सिंह भदौरिया ने कहा है कि संविधान में उपचुनाव दो ही प्रकार से होते हैं या तो विधायक रहते हुए किसी की मौत हो जाए या फिर किन्ही कारणों से निर्वाचित विधायक अयोग्य घोषित हो लेकिन यह दोनों ही काम नहीं हुए हैं लेकिन जिन गद्दार विधायकों ने लोकतंत्र की हत्या की है उनकी आत्मा की हत्या जरूर हुई है आखिर इस तरह उपचुनाव होना जनता के हित में ठीक नहीं है जनता द्वारा चुनी गई सरकार को एक गिरोह बनाकर गिराने का कार्य निर्वाचित विधायकों ने किया है कहते हैं कि हमारी सुनी नहीं गई हमारे द्वारा बताए हुए कार्य नहीं हुए हमें उसकी परिभाषा बताओ क्या कार्य नहीं हुए निर्वाचित विधायक 15 महा तक जनता को लूटते रहे अपनी मनमानी करते रहे सरकार गिराने का दबाव बनाते रहे और उल्टे सीधे कार्य करते रहे 15 महीने में ही यह विधायक अरबपति कैसे हो गए इस बात की जांच होनी चाहिए विभिन्न ग्रामों में प्रदेश किसान कांग्रेस के नेता संजू तोमर ने कहा है कि जनता इन गद्दारों से आक्रोशित है और आने वाले चुनाव में इन्हें सबक सिखाएगी भाजपा प्रत्याशी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में धनबल के दम पर चुनाव जीतने के गठजोड़ आजमाए जा रहे हैं लेकिन जनता इनके चलावे में दोबारा नहीं आएगी ऐसा विश्वास जनता खिला रही है आज राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के कांग्रेस नेताओं के दौरे खनेता एंडोरी भूरे का पुरा मनोहर का पुरा रतें का पुरा नागौर बिलोनी और शेरपुर के अंबेडकर भवन पर आयोजित किए गए आयोजन में इन नेताओं को व्यापक जनसमर्थन मिला नेताओं ने ग्रामों में जनसंपर्क कर कांग्रेस की नीति बताई और कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जन समर्थन प्राप्त किया इस अवसर पर उनके साथ में प्रदीप त्रिवेदी या भानु प्रताप सिंह जादौन संजू तोमर सत्येंद्र तोमर मुनेष सिंह तोमर लाला तोमर अरविंद कक्का राजू खनेता लखपत सिंह तोमर एंडोरी रिंकू तोमर एंडोरी भंवर सिंह गुर्जर नरपत सिंह गुर्जर राकेश सिंह तोमर दिनेश तोमर एंहनो संजू तोमर खड़क सिंह अनुराग सिंह तोमर सोनू तोमर सरदार हीरा सिंह इत्यादि लोग व्यापक स्तर पर उपस्थित थे



## एक नजर....



## 14 पन्नों में दोस्ती , प्रेम और तकरार की बातें लिखकर नाबालिग ने दे दी जान , प्रेमी पर केस दर्ज

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में प्रेम में धोखा खाने पर एक किशोरी ने जान दे दी। जान देने से पहले किशोरी ने स्कूल की कॉपी के 14 पन्नों में दोस्ती, संबंध और तकरार की बातें लिखी थीं। वह अंकित से प्रेम करती थी, लेकिन उसका किसी दूसरी लड़की से रिश्ता तय हो गया। इंदौर के भागीरथपुरा निवासी 17 वर्षीय किशोरी द्वारा आत्महत्या करने के मामले में बाणगंगा थाना पुलिस ने कॉलोनी में रहने वाले अंकित रतनलाल जायसवाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक किशोरी ने आईटीआई में प्रवेश लिया था। उसके पिता कारखाने में नौकरी करते हैं। जब माता-पिता ड्यूटी पर और छोटा भाई बाहर खेलने चला गया तो किशोरी ने जान दे दी। परिजनों ने बताया कि 6 अक्टूबर को बेटी ने रोते हुए बताया था कि अंकित उसे परेशान करता है। वह शारीरिक संबंध भी बना चुका है। बात न करने पर जान देने की बातें करता है। टीआई राजेंद्र सोनी के मुताबिक, कॉपी में किशोरी ने पहली मुलाकात से लेकर शारीरिक संबंधों तक का जिक्र किया है। कई जगह अंकित के लिए आइ लव यू लिखा है। उसने अंकित को समझाया था कि उससे बातचीत बंद कर दे, क्योंकि अंकित की शादी होने वाली थी। लेकिन वह झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाता रहता था।

## करोना रूपी महामारी पर होगी अच्छाई की जीत: राजीव कुमार



अमन राय पुष्पांजलि टुडे

अखिल भारतीय संस्कृत परिषद द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में संस्था के अध्यक्ष एवं डीएसपी सीजीएम राजीव कुमार ने बताया देश दुनिया सदी की सबसे बड़ी महामारी करोना से जूझ रही है. ऐसे में कोरोना महामारी को देखते हुए परिषद ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है इस बार रावण दहन का कार्यक्रम स्थगित किया जाए. रावण का दहन अर्थात बुराई पर अच्छाई की जीत कोरोना भी एक बुराई है इस पर भी हम सबको जीत हासिल करनी है. सतर्क रहकर इस पर जीत हासिल कर सकते हैं. परिषद के अखाड़ा प्रमुख एवं डीएमसी पार्षद धर्मेंद्र यादव ने बताया रावण दहन के कार्यक्रम में लाखों लोगों की भीड़ होती है ऐसे में यह एक और बड़ी महामारी का रूप ले सकता है लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है. वही परिषद के महामंत्री अजब नारायण सिंह ने कहा आने वाले वर्षों में रावण दहन का कार्यक्रम भव्य रूप से मनाएंगे. इस समय हम सभी को स्वस्थ एवं सतर्क रहने की आवश्यकता है. इसके अलावा इस प्रेस वार्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे संजीव कुमार सिंह, अनोज भारती, महेंद्र राय, उपेंद्र मिश्रा, श्याम मंडल, रवि साहा.

## गरीबों व किसानों के बिजली बिल के सरचार्ज व पीड़ित किसानों के फर्जी एफआईआर खत्म करने के विरोध को लेकर किसान नेता को किया गया गिरफ्तार



जितेंद्र सिंह परमार

आगरा जिले के जगनेर क्षेत्र में गरीबों व किसानों के बिजली बिल के सरचार्ज व पीड़ित किसानों के फर्जी एफआईआर खत्म करने के लिए किसान नेता रामनाथ सिंह सिकरवार बिजलीघर पर आन्दोलन के लिए जा रहे थे कि जगनेर पुलिस ने रास्ते से ही रामनाथ सिकरवार व साथी सौरभ को गिरफ्तार कर लिया उनकी गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों में रोष है लक्ष्मण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामनाथ सिंह सिकरवार को शाशन व प्रशासन ने रामनाथ सिंह को बिना कारण के गिरफ्तार करके किसानो की आवाज को दबाने का सरकार के द्वारा कार्य किया जा रहा है ,जनता सरकार से उनकी रिहाई की मांग करती है तथा सरकार से जनता पूछती है कि किसानों व गरीबों के हक के लिये लड़ना कोन सा गुनाह है. थाना कोतवाली जगनेर में सच्चाई और अपने हक के लिए लड़ने वाले आम लोगों को जगनेर पुलिस द्वारा झूटे मुकदमे लगा कर जेल भेजा जा रहा है जगनेर थाने में अब तक ऐसा कभी नहीं हुआ जो अब हो रहा है अन्याय जनता के साथ इसलिए हम माननीय योगी जी महाराज से निवेदन करते जगनेर की पुलिस हर समय आपकी छवि ऊपर के अधिकारियों को बदनाम करने की कोशिश कर रही है इस मामले को जल्द से जल्द संज्ञान में लें।

## सांची विधानसभा उप-चुनाव में कुल 15 अभ्यार्थी चुनाव मैदान में अभ्यार्थियों को आवंटित किए गए चुनाव चिन्ह

**रायसेन।** सॉची विधानसभा उप-चुनाव के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 19 अक्टूबर 2020 को सॉची विधानसभा उप-चुनाव एक निर्दलीय अभ्यार्थी श्री तिलक शाक्या द्वारा नाम वापस लिए जाने के पश्चात चुनाव मैदान में कुल 15 अभ्यार्थी हैं। रिटर्निंग अधिकारी श्री एलके खरे ने बताया कि सॉची विधानसभा उप-चुनाव लड़ने वाले इन 15 अभ्यार्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। उप-चुनाव लड़ रहे अभ्यार्थियों में इंजीनियर श्री पूरनसिंह अहिरवार बहुजन समाज पार्टी को चुनाव चिन्ह हाथी, डॉ. प्रभुराम चौधरी भारतीय जनता पार्टी को चुनाव चिन्ह कमल, श्री मदनलाल चौधरी इंडियन नेशनल कॉग्रेस को चुनाव चिन्ह हाथ, श्री कन्छेदी लाल अहिरवार समता विकास पार्टी को चुनाव चिन्ह गैस सिलेण्डर, श्री दिनेश भैया अखिल भारतीय आरक्षित समाज पार्टी को चुनाव चिन्ह एअरकंडीस्नर, डॉ0 धर्मेन्द्र अहिरवार समाजवादी पार्टी को चुनाव चिन्ह साइकिल, श्री पूरन लाल राष्ट्रीय जन आवाज पार्टी को चुनाव चिन्ह हीरा, श्री मलखान गोंडवाना गणंतत्र पार्टी को चुनाव चिन्ह आरी, श्री मुंशीलाल सिलावट वंचित बहुजन अघाड़ी को चुनाव चिन्ह ऑटो-रिक्शा, श्री रमेश कुमार पासी शिवसेना को चुनाव चिन्ह तीर-कमान, श्री हरिनारायण बेदी (बेड़िया) सपाक्स पार्टी को चुनाव चिन्ह झूला, श्री कमल भइया निर्दलीय को चुनाव चिन्ह चाबी, श्री प्रभु राम चौधरी निर्दलीय को चुनाव चिन्ह अलमारी, भूरी बाई (विध्या) निर्दलीय को चुनाव चिन्ह अंगूर तथा श्री मदनलाल चौधरी निर्दलीय अभ्यार्थी को चुनाव चिन्ह सेब आवंटित किया गया है।

संपादकीय

## लोकप्रियता की लड़ाई

यह इस दौर की विडंबना है कि जिन संस्थाओं के ऊपर देश, संविधान के अतिरिक्त समाज के हाशिये पर पड़े आखिरी नागरिक के हितों की रक्षा की जिम्मेदारी है, उन्हें अपनी ही साख की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। कथित टेलीविजन रेटिंग प्वॉइंट (टीआरपी) घोटाला इसकी सबसे ताजा नजीर है। पिछले दिनों मुंबई पुलिस ने इस तथाकथित भ्रष्टाचार का खुलासा करते हुए दो मराठी चैनल मालिकों को हिरासत में लिया था और एक अन्य चैनल से पूछताछ अभी जारी है। ऐसे में, रेटिंग एजेंसी ब्रॉडकास्ट ऑडिएंस रिसर्च कौंसिल (बार्क) ने फैसला किया है कि अगले तीन महीनों तक वह न्यूज चैनलों की लोकप्रियता रेटिंग जारी नहीं करेगी। बार्क का यह फैसला बिल्कुल मुनासिब है, और इस अवधि का इस्तेमाल उसे अपने सिस्टम की खामियों को दुरुस्त करने और एक पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने के लिए करना चाहिए। यह न सिर्फ रेटिंग एजेंसी, बल्कि पूरे न्यूज मीडिया के हक में है। टीआरपी की आपसी होड़, उसको लेकर पैदा हुए विवाद, कोई आज की बात नहीं हैं। यह काफी पुराना मसला है। हां, आज से पहले कभी इसको इतनी गंभीरता से नहीं लिया गया। दरअसल, पिछले कुछ पखवाड़ों के घटनाक्रमों ने यह आशंका पैदा की है कि टीआरपी का आधार पत्रकारीय प्रतिस्पर्द्धा से अर्जित लोकप्रियता नहीं, बल्कि दूसरे तमाम खेल हैं। निस्संदेह, न्यूज मीडिया भी एक इंडस्ट्री है, और उसके ठोस आर्थिक पक्ष हैं। मगर हम नहीं भूल सकते कि इसका मूल आधार तथ्यपरक खबर है और पत्रकारिता के स्थापित मूल्यों के संरक्षण का दायित्व भी उसके कंधों पर है। पर जिस तरह से यह पूरा मामला सामने आया है, उसने पूरी रेटिंग प्रक्रिया और उसकी पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। देश के करीब 20 करोड़ घरों में टीवी लगे हैं और दर्शक संख्या 80 करोड़ से अधिक है। ब्योरों के मुताबिक, सिर्फ 44 हजार घरों में टीआरपी मीटर लगे हुए हैं। इनमें से भी ज्यादातर मनोरंजन चैनलों के आकलन के लिएहैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि प्रति एक लाख टीवी सेट पर सिर्फ चार की दर्शक अभिरुचि के जरिए हिंदी न्यूज चैनलों की रेटिंग होती है। अंग्रेजी न्यूज चैनलों की तो इससे भी कम पर। जाहिर है, यह बेहद छोटा सैंपल है, और इतने छोटे सैंपल में गड़बड़ियों की आशंका रहेगी ही। तब तो और, जब इस बिना पर करीब 40 हजार करोड़ रुपये के विज्ञापन-बाजार में अपने लिए बेहतर संभावनाएं तलाशनी हों। किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र में न्यूज मीडिया को पूरी स्वायत्तता इसीलिए हासिल है, क्योंकि उसे एक प्रहरी की भूमिका मिली हुई है। यही वजह है कि उसे आत्म-नियमन के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। इस तरह की घटनाएं न सिर्फ जनता के भरोसे को डिगाती हैं, बल्कि सरकारी हस्तक्षेप के अवसर भी पैदा करती हैं। बेहतर होगा कि इस अप्रिय विवाद से जरूरी सबक लेते हुए कुछ अन्य रेटिंग एजेंसियों की भी गुंजाइश बने, ताकि किसी एक का दबदबा न कायम हो सके और स्वस्थ व पारदर्शी तरीके से लोकप्रियता का आकलन हो सके। साफ है, विज्ञापन उद्योग को मानक आंकड़े चाहिए और टीवी मीडिया उद्योग को अपने हित में इसकी व्यवस्था करनी ही होगी। यकीनन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की भी इन सब पर निगाह होगी। लेकिन असली चिंता न्यूज मीडिया को करनी पड़ेगी, साख उसी की दांव पर है।

# डिजिटल अर्थव्यवस्था की चुनौतियां

जयंतीलाल भंडारी

डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल ब्रॉडबैंड स्पीड के मामले में अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। इस साल अप्रैल में मोबाइल ब्रॉडबैंड गति के मामले में एक सौ उनतालीस देशों की सूची में भारत एक सौ बत्तीसवें पायदान पर है। अप्रैल में भारत की औसत मोबाइल ब्रॉडबैंड डाउनलोड स्पीड 9.81 और औसत अपलोड स्पीड 3.98 एमबीपीएस रही। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था के युग में प्रवेश तो कर चुका है, लेकिन अभी भी अर्थव्यवस्था का यह नया रूप उम्मीदों के मुताबिक रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। इसका बड़ा कारण डिजिटल अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए इसके रास्ते में आने वाली बाधाएं हैं। जब तक इन्हें दूर नहीं किया जाएगा, डिजिटल अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से आत्मसात कर पाना संभव नहीं होगा।



इसके लिए पहला और महत्त्वपूर्ण उपाय देश, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों को डिजिटल रूप में साक्षर बनाना होगा और साथ ही डिजिटलीकरण के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का जाल बिछाना होगा। जाहिर है, इसके लिए सबसे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पर्याप्त पहुंच बनानी होगी। जब तक देश के गांव-गांव में बिजली नहीं होगी, कैसे इंटरनेट का उपयोग संभव होगा। कोरोना महामारी के बीच डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए अप्रैल से जुलाई के दौरान 16.26 अरब डॉलर का विदेशी निवेश भारत आया है। खासतौर से अमेरिकी कंपनियां भारत में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और खुदरा क्षेत्र के ई-कारोबार बाजार की प्रबल संभावनाओं को देख कर ही निवेश के लिए बढ़ी हैं। डिजिटल क्षेत्र में विदेशी निवेश बढ़ने के पीछे कई कारण हैं। पूर्णबंदी में आनलाइन शिक्षा, घर से दफ्तरी काम की बढ़ती संस्कृति, इससे इंटरनेट उपयोक्ताओं की बढ़ती तादाद, डिजिटल इंडिया के तहत सरकारी सेवाओं के डिजिटल होने, जनधन खातों में लाभार्थियों को सीधे भुगतान, प्रति व्यक्ति डेटा खपत और मोबाइल ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के तहत डिजिटल भुगतान उद्योग, ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग जैसे क्षेत्र तेजी से आगे बढ़े हैं।

यदि हम डिजिटल भुगतान उद्योग की ओर देखें तो पाते हैं कि नोटबंदी में भी डिजिटल भुगतान इतनी तेजी से नहीं बढ़ा था, जितना कि कोरोना संकटकाल में इस साल अप्रैल से सितंबर के दौरान बढ़ा है। देश में डिजिटल भुगतान की स्वीकार्यता बढ़ने लगी है। अर्थव्यवस्था में नकदी की जगह दूसरे माध्यमों से लेनदेन को बढ़ावा देने के भारतीय रिजर्व बैंक के प्रयासों का असर दिखने लगा है। देश में जो डिजिटल भुगतान कोरोना के पहले जनवरी 2020 में करीब 2.2 लाख करोड़ रुपए के थे, वे जून 2020 में 2.60 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गए। पूर्णबंदी के कारण लोगों ने घरों में रहते हुए ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग को एक तरह से जीवन का अंग बना लिया। अब जब पूर्णबंदी लगभग खत्म हो चुकी है, तब भी लोग भीड़भाड़ से बचने के लिए आनलाइन खरीद को ही तरजीह दे रहे हैं। बर्नस्टीन रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में कोरोनाकाल में लोगों ने जिस तेजी से डिजिटल का रुख किया है, वह भारत के लिए आर्थिक रूप से उपयोगी हो गया है। अनुमान है कि वर्ष 2027-28 तक भारत में ई-कॉमर्स का कारोबार दो सौ अरब डॉलर को पार कर जाएगा।

ई-कॉमर्स और डिजिटल अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने का सबसे बड़ा फायदा डिजिटल सेवा कर (डीएसटी) सरकारी आमदनी का नया स्रोत बनता जा रहा है। जैसे जैसे डिजिटल अर्थव्यवस्था गति पकड़ेगी, डीएसटी में भी वृद्धि होगी। भारत में दो करोड़ रुपए से अधिक का सालाना कारोबार करने वाली विदेशी डिजिटल कंपनियों के व्यापार एवं सेवाओं पर दो फीसद डिजिटल कर लगाया गया है। इस कर के दायरे में भारत में काम करने वाली दुनिया के सभी देशों की ई-कॉमर्स करने वाली कंपनियां शामिल हैं। डिजिटल कर लगाने का कदम भारत का संप्रभु अधिकार है। डिजिटल कर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का उल्लंघन नहीं है।

अब जैसे-जैसे वैश्विक अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है, वैसे-वैसे देश और दुनिया में रोजगार बाजार का परिदृश्य भी बदलता जा रहा है। भविष्य में कई रोजगार ऐसे होंगे, जिनके नाम हमने अब तक सुने भी नहीं हैं। कई शोध संगठनों का कहना है कि डिजिटलीकरण से भारत में रोजगार के नए मौके तेजी से बढ़ रहे हैं। इसमें दुनियाभर में ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चलते जहां कई क्षेत्रों में रोजगार कम हो रहे हैं, वहीं डिजिटल अर्थव्यवस्था में रोजगार बढ़ रहे हैं। विश्व बैंक ने भी अपनी वैश्विक रोजगार से संबंधित रिपोर्ट में कहा है कि पांच से दस वर्षों में जहां दुनिया में कुशल श्रम बल का संकट होगा, वहीं भारत के पास कुशल श्रम बल अतिरिक्त संख्या में होगा। ऐसे में भारत दुनिया के कई विकसित और कई विकासशील देशों में बड़ी सख्या में कुशल श्रम बल भेज कर फायदा उठा सकेगा।

देश की आबादी का एक बड़ा भाग अब भी डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था की दृष्टि से पीछे है। इसलिए उसे डिजिटल बैंकिंग की ओर बढ़ाने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोगों के पास डिजिटल भुगतान के लिए बैंक-खाता, इंटरनेट की सुविधा वाला मोबाइल फोन या क्रेडिट-डेबिट कार्ड की सुविधा नहीं है। इसलिए ऐसी सुविधाएं बढ़ाने का अभियान तेज करना होगा। साथ ही वित्तीय लेनदेन के लिए बड़ी ग्रामीण आबादी को डिजिटल भुगतान तकनीकों के प्रति प्रेरित करना होगा। चूंकि डिजिटल भुगतान के समय होने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी की बढ़ती हुई घटनाओं के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आनलाइन लेन-देन में अविश्वास बना हुआ है, इसलिए ऑनलाइन धोखाधड़ी रोकने के लिए सरकार को साइबर सुरक्षा मजबूत करने के लिए कदम उठाने होंगे। डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल ब्रॉडबैंड स्पीड के मामले में अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। इस साल अप्रैल में मोबाइल ब्रॉडबैंड गति के मामले मे एक सौ उनतालीस देशों की सूची में भारत एक सौ बत्तीसवें पायदान पर है। अप्रैल में भारत की औसत मोबाइल ब्रॉडबैंड डाउनलोड स्पीड 9.81 एमबीपीएस और औसत अपलोड स्पीड 3.98 एमबीपीएस रही। मोबाइल ब्रॉडबैंड गति के मामले में दक्षिण कोरिया, कतर, चीन, यूएई, नीदरलैंड, नार्वे बहुत आगे हैं। इतना ही नहीं, ब्राडबैंड रफ्तार के मामले में भारत को पाकिस्तान और नेपाल जैसे देशों ने भी पीछे छोड़ दिया। ऐसे में भारत को डिजिटल अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौकों का फायदा लेने के लिए मोबाइल ब्रॉडबैंड नेटवर्क को मजबूत करने के प्रयास करने होंगे।

अब दुनिया की सबसे अधिक युवा आबादी वाले भारत को बड़ी संख्या में युवाओ को डिजिटल दौर की ओर नई तकनीकी रोजगार योग्यताओं से सुसज्जित करना होगा। डिजिटल दुनिया में भविष्य बनाने के लिए डिजिटल अर्थव्यवस्था की विशेषज्ञता के साथ अच्छी अंग्रेजी, कम्प्यूटर दक्षता, संवाद प्रवीणता, जनसंचार तथा विज्ञापन क्षेत्र से जुड़ा कौशल लाभप्रद होता है। इसके अलावा तकनीकी कुशलता के संदर्भ में वेब डिजाइन, सोशल मीडिया, वेब संबंधित सॉफ्टवेयर का अच्छा ज्ञान, विश्लेषणात्मक कौशल और अनुसंधान कौशल भी जरूरी है।

डिजिटल अर्थव्यवस्था के बीच देश की नई पीढ़ी के लिए रोजगार की जो संभावनाएं बन रही हैं, उनका लाभ उठाने की जरूरत है। अच्छी आनलाइन शिक्षा आज वक्त की बड़ी जरूरत बन चुकी है। नेशनल एसोसिएशन आफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (नैसकॉम) के मुताबिक भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से लाभ की स्थिति मे हैं। लेकिन कोरोना महामारी के बाद की दुनिया में मौजूदा आइटी प्रतिभाओं को नई तकनीकों से फिर से दक्ष बनाना होगा। हाल ही में एक ओर देश में डिजिटलीकरण को बढ़ाने और दूसरी ओर नई शिक्षा नीति में जिस तरह डिजिटल दुनिया के नए दौर के कौशल विकास पर काफी जोर दिया गया है, उसके प्रभावी क्रियान्वयन से देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके बढ़ेंगे। देश की नई पीढ़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था में छिपे अवसरों को तलाशेगी और देश-दुनिया की नई जरूरतों के मुताबिक अपने को तैयार करेगी।

प्राकृतिक आपदा

# जान-माल के नुकसान की बारिश

सियाराम पांडेय 'शांत'



महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में अतिवर्षा जन्य बाढ़ ने जान-माल का भारी नुकसान किया है। तेलंगाना में भारी बारिश के बाद जलप्लावन के हालात हैं। तेलंगाना के अलग-अलग इलाकों में बेमौसम बारिश और बाढ़ की मार से तकरीबन 50 लोगों की मौत हो चुकी है। रामनाथपुरा की सड़कें समुद्र बनी हुई हैं। हैदराबाद के कई इलाके जलमग्न हो चुके हैं। वहां बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है।

तेलंगाना सरकार की मानें तो बाढ़ से राज्य को करीब 5 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। तेलंगाना सरकार ने केंद्र से मदद की मांग की है। यह समस्या जितनी अतिवर्षा की है, उससे कहीं अधिक बांधों के जल के समन्वयन के अभाव की है। जिन राज्यों में बांध बनाए गए हैं, उन राज्यों का पानी के अत्यधिक इस्तेमाल का मोह भी नदी के प्रवाह वाले राज्यों में बाढ़ और जान-माल के नुकसान का सबब बनता रहा है। बांध टूट जाए तो भी और उससे पानी छोड़ा जाए तो भी। हाल के दिनों में आंध्र प्रदेश में इतनी बरसात हुई कि नागार्जुन सागर बांध के 18 गेट करीब 10 फीट तक खोलने पड़ गए। जिससे बाढ़ का पानी आसपास के इलाकों में घुस गया। गत वर्ष 2019 में मुंबई से 250 किलोमीटर दूर रत्नागिरी जिले में तिवारे बांध 15 साल में ही टूट गया था। 2004 में बने इस बांध के टूटने से 18 लोग मर गए जबकि 25 से ज्यादा अब भी लापता हैं। हजारों एकड़ फसल तबाह बर्बाद हो गई थी। नेपाल और चीन द्वारा अपने यहां बने बांधों से भारी मात्रा में पानी छोड़ने से हर साल भारत में कितनी तबाही होती है, यह किसी से छिपा नहीं है। इस पीड़ा को बिहार, उत्तर प्रदेश और असम से बेहतर भला और कौन जानता है। वहां हर साल अत्यधिक वर्षा से बाढ़ नहीं आती। चीन और नेपाल में बने बांधों से पानी छोड़े जाने की वजह से आती है।

भारत विश्व का तीसरा ऐसा देश है जहां सबसे अधिक बांध हैं। देश में 25 प्रतिशत बांध 50 से 100 वर्ष पहले बने हैं और 80 प्रतिशत बांधों का निर्माण 25 वर्ष या उससे पहले हुआ है। इसमें संदेह नहीं कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत में कई बड़े बांध ध्वस्त हो चुके हैं। वर्ष 1979 में गुजरात में आई ऐसी ही आपदा में हजारों लोगों की जान चली गई थी। भारत में अबतक बने 10 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले 5344 बांधों में से 92 फीसद बांध अंतरराज्यीय सीमा पर बने हैं यानी बांध एक राज्य में है और नदी का निचला बहाव वाला हिस्सा दूसरे राज्य में है। बांध वाले राज्य में अत्यधिक वर्षा होने का खामियाजा बहाव वाले राज्यों को भुगतना पड़ता है। विडंबना इस बात की है कि तकरीबन चालीस साल पहले संसद में बांध सुरक्षा बिल लाया गया, जो आजतक पास नहीं हो सका है।

इसमें प्रावधान है कि नदियों की छाती पर किए गए निर्माण की चौकसी, निरीक्षण, रखरखाव और परिचालन सही तरीके से हो और जिम्मेदारी तय की जा सके। बांध इस देश की जरूरत हैं लेकिन उसके जितने फायदे हैं, उतने ही नुकसान भी हैं। फायदों के लिए नुकसान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पश्चिमी महाराष्ट्र के तीन जिलों में बारिश ने जमकर कोहराम मचाया है। सोलापुर संगली और पुणे में भारी बारिश के बाद बाढ़ से अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है। करीब 20 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया है। कई दिनों से पश्चिमी महाराष्ट्र में मूसलाधार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने मुंबई में भारी बारिश की चेतावनी देने के साथ ही येलो अलर्ट जारी कर रखा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने आर्मी, नेवी और एयरफोर्स से अलर्ट पर रहने का आग्रह किया है। केंद्र सरकार से मदद मांगी है। एनडीआरएफ की टीमों को ओसमानाबाद, सोलापुर, पंढरपुर और बारामती में तैनात किया गया है। पुणे के जनता वसाहट स्ट्रीट नंबर-29 में रात के वक्त 18 इंच पानी की पाइप लाइन फट गई। इसके बाद पूरी बस्ती में पानी भर गया। घटना में 9 लोग घायल हो हैं। इनमें से 5 को ससून अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य घायलों को भारती विश्वविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और कर्नाटक के मुख्यमंत्रियों से बात की है। उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। लेकिन बाढ़ से बचाव को लेकर राज्य सरकारें गंभीर क्यों नहीं हो पाती, यह चिंताजनक बात है। एक-दो दिनों की सामान्य बारिश में भी महाराष्ट्र खासकर मुम्बई में नाव चलने लगती है। जब नदी-नालों पर अतिक्रमण हो जाए, उनके जल अधिग्रहण क्षेत्र पर भी भवन और कार्यालय खड़े हो जाएं तो जरा सी बारिश में पानी सड़कों पर नहीं तो और कहां बहेगा? महाराष्ट्र और कर्नाटक में भारी बारिश और बाढ़ से हालात काफी गंभीर हैं। एक तरफ जहां कर्नाटक में लगातार हो रही बारिश के बीच प्रमुख बांधों का पानी छोड़े जाने से बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है तो वहीं महाराष्ट्र में मूसलाधार बारिश के बाद आई बाढ़ के कारण कई लोगों की मौत हो गई है। उत्तर कर्नाटक में पिछले तीन महीने में तीसरी बार बाढ़ आई है। इस क्षेत्र के बेलगावी, कलबुर्गी, रायचुर, यादगिर, कोप्पल, गोदाग, धारवाड़, बागलकोट, विजयपुरा और हावेरी इलाके सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि मुंबई की बारिश के पानी का इस्तेमाल सिंचाई, शहर के आसपास के उद्योगों और नासिक तथा अहमदनगर जैसे शहरों में बागवानी के लिए किया जाए। गडकरी ने पत्र में कहा कि अतिरिक्त पानी को सूखा प्रभावित इलाकों में घरेलू और अन्य इस्तेमाल के लिए भी ले जाया सकता है, ताकि जल की कमी से पार पाया जा सके। यदि व्यवस्थित रूप से योजना बनाई जाए तो बाढ़ के पानी, नाले और सीवेज को ठाणे की ओर मोड़ा जा सकता है और इस पानी को रास्ते में शोधित कर एक बांध में रखा जा सकता है। इस पानी का इस्तेमाल सिंचाई और शहर के आसपास के उद्योगों तथा नासिक एवं अहमदनगर जैसे नगरों में बागवानी के लिए किया जा सकता है। बकौल गडकरी, यह योजना मुंबई में मीठी नदी की वजह से उत्पन्न होने वाली परेशानियों के समाधान में सहायक हो सकती है। उन्होंने मीठी नदी पर एक बैराज बनाने का प्रस्ताव भी दिया है ताकि पानी समुद्र में प्रवाहित किया जा सके।

कविता

## गीत गुलमोहर की

तेरी चाहते तेरी हसरतें,
बहुत ही सताती है मुझे।
क्या शिकवा करूं तुमसे
तुम और तुम्हारे इश्क
दोनों ही एक जैसे हो
कभी तन्हाई देते हो
तो कभी इंतजार।
मगर जब भी मिलते हो तुम
मेरे हाथों को चूम कर
लबों की मुस्कान देकर
दिल की सारी शिकवें
सभी शिकायतों
पल भर में दुर
कर देते हो।
मुस्कान और खुशियों की तो
बेशुमार बारिश हो जाती है
मैं बावरी से झूम उठती हूं
तेरी बाहों के झूले में
कितनी दुआएं करती हूं
दुआओं में तुमको ही
रोज मांगा करती हूं
डर जाया करती हूं अक्सर मैं की मेरे मित्र को
किसी की बुरी नजर ना लग जाए

-लेखिका
श्रीमती देवंती देवी
धनबाद झारखंड

## हर नज़र हर निगाह में नमी है



हर नज़र हर निगाह में नमी है,
स्नेह की बेहद अपनों में कमी है।
हर नजर किोसी पर जमी है,
कुछ हंसतीं है कुछ में नमी है।
नजरों में खिल खिलाहट भरी है,
कहीं रुसवाइयों से सूखी जमीं है।
मजलूमों की नजरों में नमीं है,
किसी की अदावत से सनी हैं
ये प्रकृति है या आप ही ऐसे है,
नैतिक मूल्यों की बेहद कमी है।
अपना कौन,पराया कौन समझाये,
46355 झुक जाओ ,अपनों की हीं ज है.
मैं1 अदना, कहाँ अम्बर,कहाँ जमीं,
छलकती है ऑखें,जहाँ बंजर जमी है।

**संजीव ठाकुर कवि**
**रायपुर 9009415415**

## बेटी होना अपराध है क्या?



हर बार हमें इस समाज में,
क्यों नग्न किया जाता है,
बात आती है जब सम्मान की,
तो बेपनाह जलील किया जाता है।
बेटी के जन्म पे मातम छा जाता है,
कुछ चेहरे पे आंसू तक आ जाता है,
सोच लेते हैं बोझ बढ़ा अब,
खर्चा विदाई में बहुत होगा तब।
कोख में ही हमको मार दिया जाता है,
जीवन से ही त्याग दिया जाता है,
लड़का हो तो बाहर आने देना,
वरना तो कोख में ही मार देना।
दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता है,
चरित्र पर लांछन लगाया जाता है,
मागें न पूरी करे अगर सबकी,
तो तिल तिल सताया जाता है।
आबरू का खेल खेला जाता है,
जिस्म को सस्ते में बेचा जाता है,
अंग नोच कर पीड़ा दिया जाता है।
बलात्कार कर,फिर जलाया जाता है।
अदालत में भी नंगा किया जाता है,
सुरक्षा न देकर जलील किया जाता है,
रक्षक ही भक्षक बन जाते है,
सत्ता भी चुप्पी साध लेती है।
बेटियाँ होती पराई फिर भी,
बिन हमारे कहाँ रह पातें हैं?
ये पुरुष हमीं पर ताकत आजमाते हैं,
वरना डूब कहीं मर जाते है।
हम सबके बिन बताओ कौन ??
आज संसार मे आया है,
जब बेटियां ही ना रहेंगी जग मे,
फिर कौन माँ जननी बन आया है ??
फिर बताओ तुम्हीं हम कहाँ जाये??
बेटियाँ है कहाँ छुप जाये ?
थोड़ा सुकुन के पल जीना चाहते है,
सुरक्षा का भाव महसूस करना चाहते है।
बनकर माँ बाऊजी का प्यार,
जी भरकर हँसना चाहते है।
कोख से जन्म तक के सफर को,
जीवन में तय करना चाहते हैं।
हर बार ग्रहण लग जाता खुशियों पे,
आँखो में बस आँसु रह जाता हैं,
जिन्दगी के हर घड़ी हर पल,
भयभीत रहते है कैसे रहेगा हमारा कल।

**अंशिता दुबे**
**लंदन**

## शीर्षक-प्रकृति रूप जय-जय अम्बे



हे जगजननी, संकटहरणी
विपति निवारिणि जगदंबे
शत्रु नाशिनी, शक्ति दायिनी
प्रकृति रूप जय-जय अम्बे।।
परमब्रह्म की परम ज्योति तुम
परमवत्सला कल्याणी
शुभ्र स्वरूपा, मंगल रूपा
परम तेजसी बलशाली।।
शुंग-निशुंभ विमर्दिनि माता
महिषमर्दिनी शूल करे
रक्तबीज संहारिणी अंबे
लोकसमस्तक पाप हरे।।
सिंह वाहिनी, अष्टभुजी मां
चंद्र दिवाकर नेत्र धरे
व्याधिविनाशिनी,शोकहारिणी
मोक्षदायिनी सिद्धि वरे।।

**जय माता दी**
**रश्मि मिश्रा रश्मि**
**भोपाल (मध्यप्रदेश)**

## पाक में पहली बार निशाने पर सेना

क्या इमरान खान की उल्टी गिनती शुरू हो गई है? जो विश्लेषक पाकिस्तानी समाज और राजनीति पर गहरी पकड़ रखते हैं, उनमें से कुछ कह सकते हैं कि अभी सटीक अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी, पर ज्यादातर इस प्रश्न का उत्तर 'हां' में देंगे। घटनाएं उसी तरह घट रही हैं, जैसे साठ के दशक से अलग-अलग निर्वाचित सरकारों के अपदस्थ होने के पहले घटती रही हैं। जुल्फिकार अली भुट्टो, नवाज शरीफ या बेनजीर भुट्टो की सरकारों को बर्खास्त करने के पहले विरोधी दलों के गठबंधन बने, लोग सड़कों पर निकले, सेना और न्यायपालिका ने सरकार को अपने हथकंडों से अपंग बनाया और फिर उसे बर्खास्त करा दिया गया। इस बार भी कुछ-कुछ ऐसा ही हो रहा है, फर्क सिर्फ इतना है कि पहले फौज के प्रोत्साहन से गठबंधन बनते थे और उसकी मर्जी से ही लोग सड़कों पर निकलते थे, मगर इस बार गठबंधन उसके बावजूद बना है। पिछले दिनों पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के नाम से बना गठबंधन वैसे तो एक-दूसरे की मुखालिफ सियासी पार्टियों का जोड़ है, पर सेना के प्रति गुस्सा उन्हें एक किए हुए है। लगभग दो साल पहले जिन परिस्थितियों में इमरान देश के प्रधानमंत्री बने, उसे समझने के लिए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा नेशनल असेंबली के पहले ही सत्र में इस्तेमाल किया जाने वाला एक जुमला काफी होगा। नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री इमरान खान को बधाई देते हुए बिलावल ने उन्हें 'सेलेक्टेड प्राइम मिनिस्टर' कहा।

## करूणा है लाचार नही



माना हमने है मुहब्बत बेपनाह तुम्हें,
फिर भी किया क्यूँ कभी इजहार नहीं।
क्यू आ जाते हो ख्वाबों में इस कदर,
जब मुहब्बत पर सनम तुम्हें ऐतबार नही।
देखते हैं हम तेरा रस्ता चारो पहर,
मेरी चाहत का दायरा तेरा आधार नहीं।
हम उलझे रहे अपने अहले वादे वफा में,
एक वो है जो कभी करते इकरार नहीं।
छुपने लगा है चांद भी अब मुझे देख कर,
यूँ लगता है वो मुकाबले को तैयार नहीं।
आ गए जो बाहर कभी हम घूंघट से,
मान लोगे हम सा कोई रूखसार नही।
आजमा लो चाहे हमे किसी भी मोड़ पर,
हम हार जाए ऐसी कोई मैयार नही।
है मुहब्बत तुमसे कोई गुलामी नहीं,
समय से समझो करुणा है लाचार नहीं।

करुणा कलिका,वरिष्ठ गीतकार कवयित्री
**बोकारो स्टील सिटी, झारखंड**



# 64 साल के हुए सनी, करीबी दोस्त के लिए छोड़ दी थी आठ फिल्में

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने सोमवार को अपना 64वां जन्मदिन मनाया। सनी देओल का जन्म 19 अक्टूबर 1956 को एक्टर धर्मेन्द्र के घर में हुआ था। इनकी माँ का नाम प्रकाश कौर हैं। बड़े पर्दे पर हमेशा गुस्से में दिखने वाले सनी देओल असल जीवन में बेहद सौम्य हैं। उनके करीबी दोस्त और निर्देशक चंद्रप्रकाश द्विवेदी एक किस्सा शेयर करते हुए बताते हैं कि सनी ने उनकी वजह से आठ फिल्मों को ना बोल दिया था। एक इंटरव्यू के दौरान निर्देशक चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने बताया था कि- फिल्म तो मैंने सनी के साथ एक ही बनाई, पर उनसे मेरा ऐसा रिश्ता है कि उन्होंने मेरी वजह से आठ फिल्में छोड़ दी हैं। इन आठों मौकों पर उन्होंने मुझसे पूछा कि, भई! क्या तुम करना चाहते हो? हर बार मैंने कहा- नहीं! तो मेरे चलते उन्होंने भी फिल्में छोड़ दी। वो कहते हैं तुम्हें पसंद नहीं है, तो चलो मैं भी नहीं करता हूं। एक बार मैं उनके पास अमेरिका गया, तब उन्होंने पूछा कि तुम तो शुद्ध शाकाहारी हो, इधर जिंदा कैसे हो? फिर तो उन्होंने मुझे एक शाकाहारी होटल भी बताया। जहां आने-जाने के 80 डॉलर लगते थे पर सिर्फ 9 डॉलर में खाना मिल जाता था। मैंने उनके जैसा बालक मन वाला इंसान नहीं देखा। उनके साथ वाराणसी में शूटिंग कर रहा था, तब कुछ पुलिस कर्मचारी उनसे मिलने के लिए कहने लगे। मैंने उन्हें पूछा तो उन्होंने कहा कि सभी को बुला लो। 35-40 पुलिसवाले आए तो उन्होंने सबको होटल में भोजन कराया। हमारे परिवार में किसी का भी जन्मदिन हो तो उसे सबसे पहले मॉम-डैड ही विश करते हैं। सनी भैया के जन्मदिन पर भी वही सबसे पहले करेंगे। वह हमें खुशियों का आशीर्वाद देने के साथ ही कड़ी मेहनत करने की सीख भी देते हैं। हमारे यहां हर जन्मदिन पर सुबह हवन होने की परंपरा है, इसके बाद पूरी फैमिली के लिए रूल है कि डिनर के लिए सभी एक साथ इकट् ?ठा जरूर हों। सनी भैया के जन्मदिन पर भी हमेशा ऐसा होता रहा है। उनके जन्मदिन से जुड़ी कई सारी यादें मेरे जेहन में हैं। सबसे पहले हवन होता था फिर उसके बाद हम मक्खन लगे पराठों पर टूट पड़ते थे। इसके बाद सारा खाया पिया पचाने ट्रेकिंग पर निकल पड़ते थे। हम साथ-साथ कई आउटडोर गेम्स खेलते थे। वॉलीबॉल और क्रिकेट के खेल को खेलते हुए मैंने सनी भैया के साथ-साथ बहुत अच्छा वक्त बिताया है।

## सौतेली मां हेमा मालिनी से अनबन



सनी देओल बॉलीवुड के बहुत उम्दा और मशहूर एक्टर माने जाते हैं। 80 और 90 के दशक में उन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया। बेताब, सोहनी महिवाल, दामिनी, घायल, घातक, बॉर्डर और गदर जैसी फिल्मों की वजह से उनकी गिनती हमेशा एक सक्सेसफुल एक्टर के तौर पर होती है। सनी अब फिल्मों में कम दिखते हैं। अब उनकी राजनीतिक पारी शुरू हो चुकी है। गुरदासपुर के सांसद के तौर पर सनी देओल बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। सनी साल 2019 में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बीजेपी में शामिल हुए। सनी की स्टेप मॉम हेमा मालिनी भी बीजेपी में हैं और वो मथुरा के सांसद है। दोनों एक ही पार्टी में हैं और अक्सर ये सवाल उठता है कि धर्मेन्द्र की दूसरी बीवी हेमा मालिनी से उनके कैसे संबंध हैं। कई बार खबरों में ये चर्चा रही कि दोनों एक दूसरे को पसंद नहीं करते। यहीं माना जाता है कि पिता धर्मेन्द्र की दूसरी शादी से सनी और बॉबी बहुत नाराज हुए थे। हेमा और धर्मेन्द्र की शादी को 41 साल हो चुके हैं। अब तक वो पति के घर नहीं जा पाई। धर्मेन्द्र और हेमा का घर मुंबई के जुहू इलाके में हैं। दोनों घरों के बीच दूरी मुश्किल से 5 मिनट की है लेकिन कभी भी धर्मेन्द्र के परिवार ने उनकी दूसरी शादी को स्वीकार नहीं किया। कुछ दर्द ऐसे होते हैं, जो समय के साथ भी बरकरार रहते हैं। हेमा की दोनों बेटियों के साथ भी सनी ने कभी मेल मिलाप के बारे में नहीं सोचा। हालांकि चचेरे भाई अभय देओल के साथ हेमा और दोनों बेटियों के अच्छे रिश्ते हैं लेकिन सनी ने कभी इनके साथ रिश्तों को सामान्य करने की कोशिश तक नहीं की। एशा और अहाना की शादी में सनी और बॉबी ने शिरकत तक नहीं की थी और यह कहा जा रहा था कि शायद ही कभी सनी देओल हेमा के साथ सामान्य रिश्तों को जी पाएं।



# कुमकुम भाग्य की इंदू दादी जरीना रोशन का निधन

सीरियल कुमकुम भाग्य के दर्शकों के लिए बेहद दुखद खबर आई है। सीरियल में इंदू दादी(इंदू सूरी) का रोल प्ले करने वाली अभिनेत्री जरीना रोशन अब हमारे बीच नहीं रही हैं। दिल का दौरा पड़ने की वजह से जरीना रोशन का निधन हो गया है। वह 54 वर्ष की थी। उनके यूं अचानक चले जाने से हर कोई हैरान है। आपको बता दें कि जरीना रोशन ने कई पॉपुलर फिल्मों में काम किया था। उन्होने अपने करियर की शुरूआत फिल्मों से की थी। जिसमें वह स्टंट नायिका के तौर पर दिखी थीं। जरीना रोशन ने सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है में भी काम किया था। उनके साथ काम करने वाली सीरियल कुमकुम भाग्य की पूरी टीम गहरे दुख और सदमे में है। सीरियल की लीड एक्ट्रेस सृति झा ने जरीना रोशन को अंतिम ऋद्धांजिल देते हुए उनके साथ अपनी एक क्यूट सेल्फी पोस्ट की है। इसके साथ ही सृति ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें जरीना रोशन को डांस करते हुए देखा जा सकता है।

## कई सितारों ने दी भावपूर्ण ऋद्धांजलि

इस तस्वीर और वीडियो को पोस्ट करते हुए सृति ने एक दिल टूटने वाला इमोजी भी पोस्ट किया है। तो वहीं, शो में अभि मेहरा का रोल प्ले करने वाली अभिनेता शब्बीर आहलूवालिया ने इंदू दादी को याद करते हुए जरीना रोशन के साथ अपनी प्यार भरी सेल्फी शेयर की है। इस तस्वीर में शब्बीर जरीना रोशन को किस करते हुए दिख रहे हैं। तस्वीर के कैप्शन में शब्बीर ने लिखा है ये चांद सा रोशन चेहरा। शो में काम करने वाले अभिनेता अनुराग शर्मा ने भी जरीना रोशन के निधन पर दुख जताया है और उन्हे अपनी भावपूर्ण ऋद्धांजलि दी है। अनुराग कहते हैं ये खबर बेहद शॉकिंग है। जरीना रोशन जी वह बेहद मधुर महिला थीं, जिंदगी से भरपूर। इस उम्र में भी उनकी एनर्जी देखने लायक थी। मेरे ख्याल से उन्होने अपने करियर की शुरूआत स्टंट लेडी के तौर पर की थी, और वह असल जिंदगी में भी फाइटर थीं। मैंने उनके साथ पिछले महीने काम किया था और हमने अच्छा वक्त साथ में बिताया था। उस वक्त वह बिल्कुल थीं। लेकिन आज अचानक ये खबर आई। मैं उनकी आत्मा की शांति की दुआ करता हूं।

केबीसी के सेट से अमिताभ बच्चन ने फोटो शेयर कर कहा –

# कर्म ही पूजा है



केबीसी के सेट पर बिग बी न सिर्फ कंटेस्टेंट के साथ सवाल-जवाब पूछते हैं बल्कि एक दूसरे की पर्सनल लाइफ को लेकर भी बात करते हैं। इसी बीच उन्होंने एक और तस्वीर शेयर की है। ये फटो बिग ने कौन बनेगा करोड़पति के सेट से शेयर की हैं। बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति को होस्ट कर रहे हैं। ये शुरू होने के साथ ही दर्शकों के बीच काफी पसंद किया जा रहा हैं। सेट पर बिग बी न सिर्फ कंटेस्टेंट के साथ सवाल-जवाब पूछते हैं बल्कि एक दूसरे की पर्सनल लाइफ को लेकर भी बात करते हैं। वहीं अमिताभ बच्चन सेट से कई तस्वीरें भी फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। इसी बीच उन्होंने एक और तस्वीर शेयर की है। ये फटो बिग ने कौन बनेगा करोड़पति के सेट से शेयर की हैं। इन फोटोज को शेयर करते हुए उन्होंने काम को ही पूजा बताया है। महानायक की इस फोटो पर उनके बेटे एक्टर अभिषेक बच्चन का रिएक्शन सामने आया है। एक्टर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में अपने ट्विटर अकाउंट पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए खास कैप्शन लिखा है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, काम पूजा है .. उत्सव मनाया जाता है .. लेकिन हर दिन काम की मंशा बनी रहती है .. काम ही गुरु है .. काम ही उद्धार है .. आलस की दीवार को छलांग लगाकर इस पर कूदें और हासिल करें .. प्रत्येक प्रतिरोध का सामना करें .. इसे अपने काम की मंशा बताएं। अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट को देकर उनके बेटे अभिषेक बच्चन काफी इम्प्रेस हुए। उन्होंने बिग बी के पोस्ट को री ट्वीट करते हुए लिखा, यह प्रेरणा। बिग बी के वर्कफ्रंट की बात करें तो जल्द ही फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगे। इसमें मूवी में वह आलिया भट्ट और रणबीर कपूर, मौनी रॉय जैसे कलाकरों के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा उनके पास झुंड और चेहरे जैसी फिल्में हैं। वहीं हाल ही में बिग बी ने अनाउंसमेंट की है कि वह प्रभास और दीपिका पादुकोण के साथ नाग अश्विन की फिल्म में नजर आएंगे। इसके अलावा रिपोर्ट के अनुसार, वह जल्द ही वेब सीरीज शांताराम में नजर आ सकते हैं। इसमें राधिका आप्टे और चार्ली हन्नम भी नजर आने वाले हैं और ये ग्रेगरी डेविड रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए लोकप्रिय उपन्यास शांताराम पर आधारित है।

# शाहिद कपूर ने खत्म की फिल्म जर्सी की उत्तराखंड शेड्यूल की शूटिंग



अभिनेता शाहिद कपूर की आगामी फिल्म जर्सी काफी समय से चर्चा में है। दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इन्तजार कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहिद कपूर लीड रोल में है, जबकि फिल्म में उनके अपोजिट किरदार में मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में होगी। लम्बे समय से चर्चा में बनी हुई इस फिल्म की शूटिंग बीते दिनों उत्तराखंड में चल रही थी। हाल ही में शाहिद ने इस शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। इसकी जानकारी खुद शाहिद ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर दी। इसके साथ ही उन्होंने उत्तराखंड की सरकार का अनुकूल वातारवरण देने के लिए धन्यवाद भी दिया है। शाहिद कपूर ने ट्वीट कर लिखा-जर्सी का यह शेड्यूल पूरा हुआ। इसके लिए मैं उत्तराखंड सरकार को उन कुशल नीतियों का समर्थन करने और उन्हें लागू करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने हमें राज्य के कई खूबसूरत स्थानों में अपनी फिल्म के शेड्यूल को सुरक्षित रूप से शूट करने और पूरा करने में सक्षम बनाया। शाहिद कपूर की फिल्म जर्सी इसी नाम की तेलगु फिल्म का हिंदी रीमेक है। फिल्म की कहानी एक क्रिकेटर इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी क्रिकेट में होने वाली राजनीति और क्रिकेटर के संघर्ष को दिखाती है। इस फिल्म में क्रिकेटर के किरदार में शाहिद कपूर दोबारा दिखेंगे। इससे पहले साल 2009 में आई फिल्म दिल बोले हड़िप्पा में शाहिद ने क्रिकेटर का किरदार निभाया था।फिल्म जर्सी में मृणाल ठाकुर शाहिद की पत्नी के किरदार में नजर आयेंगी। वहीं फिल्म में पंकज कपूर भी होंगे, जो फिल्म में शाहिद के कोच के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म जर्सी का निर्देशन गौतम तिन्नानाउरी कर रहे हैं। इस फिल्म के तेलुगू वर्जन का भी निर्देशन गौतम ने ही किया है। इसके प्रॉड्यूसर अल्लू अरविंद, अमन गिल और दिल राजू हैं।

# मेरी लाइफ तनिष्क ऐड की तरहः ऋचा चड्ढा



ऋचा चड्ढा ने अपनी लव-लाइफ, अली फजल से शादी और हाल ही में जूलरी ब्रैंड तनिष्क के ऐड पर मचे बवाल पर भी काफी कुछ कहा है। ऋचा चड्ढा ने मुंबई मिरर से हुई बातचीत में कहा कि उनकी लाइफ उस ऐड की ही तरह है। पिछले दिनों जूलरी ब्रैंड तनिष्क के ऐड पर काफी बवाल हुआ। जहां इस ऐड को बनाने के पीछे हिंदू-मुस्लिम एकता की बात कही गई वहीं सोशल मीडिया पर ऐसे लोगों की संख्या खूब रही जिन्होंने इस विज्ञापन का बॉयकॉट किया। ऐसे लोगों का कहना था कि इस ऐड के पीछे लव-जिहाद का मुद्दा है और इसीलिए उन्हें यह रास नहीं आया। इन दिनों अपनी शूटिंग के लिए लखनऊ में रह रहीं ऋचा चड्ढा ने अपनी कहानी को तनिष्क ऐड से जोड़ा है और कई बातें कही हैं। लॉकडाउन की वजह से ऋचा चड्ढा और अली फजल की शादी इस साल टल गई, वर्ना अप्रैल में ही दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले थे। हालांकि भले दोनों के बीच का रिश्ता ऑफिशल न हुआ है, लेकिन दोनों एक-दूसरे के परिवार का अटूट हिस्सा हैं। लखनऊ में ऋचा अक्सर फजल के घर पर जाती हैं और वहां बैंगन का भर्ता, पीली दाल जैसे घर के खाने का स्वाद लिया करती हैं, जबकि अली फजल खुद इस वक्त मुंबई में हैं। हाल ही में ली फजल ने ऋचा के मां के हाथों के करेले की सब्जी की खूब तारीफ भी की थी। ऋचा ने हाल ही में तनिष्क ऐड पर मचे बवाल को लेकर कहा, मेरी लाइफ उस ऐड की ही तरह है। मुझे अली की फैमिली से ढेर सारा प्यार मिला है और उन्हें (अली) मेरी ओर से। मुझे उन लोगों के लिए दुख होता है जिन्हें किसी की शादी के फैसले से भी तकलीफ होती है। ऋचा से पहले मिनी माथुर भी इस ऐड को खूबसूरत बचा चुकी हैं। कबीर खान से शादी कर एक मुस्लिम परिवार को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाने वाली ऐक्ट्रेस मिनी माथुर ने भी इस ऐड को गलत कहने वाले लोगों पर अपना भड़ास निकाला था। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट करते हुए लिखा है, यही और यहां तक कि मैंने भी इस मल्टी-कल्चरल मैरिज में काफी प्यार महसूस किया है। और अब तनिष्क को अपने इस ऐड को इसलिए हटाना पड़ा क्योंकि कुछ कट्टर लोगों ने इसे लव-जिहाद का नाम दे दिया। अब इसका क्या मतलब है?

मिनी ने पोस्ट करते हुए लिखा था कि यह काफी दुखद है कि तनिष्क को जबरन अपने अब तक के सबसे बेहतरीन ऐड को हटाना पड़ा है। इस ऐड पर हुए बवाल के बाद अब जीशान अयूब की पत्नी रसिका ने अपनी गोदभराई की रस्म की तस्वीर शेयर की थी। उन्होंने इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा मेरी गोदभराई, सोचा शेयर कर दूं। उन्होंने यह भी लिखा है कि अपने गलत और नफरत भरे बयान से पहले स्पेशल मैरिज ऐक्ट के बारे में भी जान लें। हाल ही में जूलरी ब्रैंड तनिष्क को अपने एक लेटेस्ट ऐड को इसलिए हटाना पड़ा क्योंकि सोशल मीडिया पर इसे लव-जिहाद का टैग दिया जाने लगा था। 43 सेकंड के इस विज्ञापन में एक गर्भवती हिन्दू महिला की गोद भराई की रस्म मुस्लिम परिवार में होते हुए दिखाई गई थी। सोशल मीडिया पर लगातार इस विज्ञापन की आलोचना होने के बाद तनिष्क कंपनी ने इस विज्ञापन को वापस ले लिया है।

रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड जैद दरबार ने कहा

# गौहर खान कर रहीं हैं इस साल शादी



टीवी एक्ट्रेस गौहर खान इन दिनों बिग बॉस के घर में हैं। वह घर में सीनियर के रूप में रह रही हैं। अपने और जैद दरबार के रिश्ते को लेकर वह हमेशा ही सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी रहती हैं। अब उनके रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड जैद ने सुना है कि वह इस साल शादी कर रही हैं। दरअसल, कुछ दिन पहले एजाज ने कन्फेस किया था कि वह गौहर को पसंद करते हैं। इसपर अब जैद ने अपना रिएक्शन दिया है। जैद चाहते हैं कि एजाज, गौहर को बेहतर तरीके से जाने क्योंकि उनमें और भी बहुत सारी खूबियां हैं। जैद कहते हैं, मैं बिल्कुल पोजेसिव फील नहीं करता हूं। मैं तो बल्कि चाहता हूं कि वह गौहर को और बेहतर तरीके से जानें क्योंकि वह बेहद अच्छी हैं। वह जितना घर में रहेंगी उतना लोग उन्हें बेहतर तरीके से जान पाएंगे। इस कंफेशन को देखने के दो तरीके हैं, अगर मैं इसे नकारात्मक तरीके से देखूंगा तो मैं पोजेसिव हो सकता हूं और अगर मैं इसे सकारात्मक तरीके से देखता हूं तो मुझे अच्छा महसूस होगा। जैद आगे हसंते हुए कहते हैं कि गौहर की खूबियां हमसे अच्छा भला कौन जान पायेगा। जैद का मानना है कि गौहर घर में रह रहे दूसरे सीनियर्स-सिद्धार्थ और हिना से बेहतर हैं। फैन्स के बारे में बात करते हुए वह कहते हैं कि सभी लोग मुझे गौहर की सारी फोटो और वीडियो में टैग करते हैं और राहुल ने जब उन्हें बाहर मिलने के लिए कहा था तो उन्होंने जवाब दिया था कि वह टेकन हैं और इस साल ही शादी कर रही हैं। मैंने भी यही सुना है। बता दें कि जैद पेशे से कोरियोग्राफर हैं और संगीतकार इस्माइल दरबार के बेटे हैं। गौहर और जैद के रिलेशनशिप को लेकर खबरें आती रहती हैं लेकिन दोनों में से किसी ने इस पर ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं दिया है। दोनों कहते हैं कि हम बस फैमिली फ्रेंड्स हैं।



दिवाली-छठ पर घर जाने वाले यात्रियों को लिए खुशखबरी

# आज से शुरू हो रहीं 392 पूजा स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली।** कोरोना काल में दशहारा, दिवाली और छठ के अवसर पर यात्रियों को उनके घरों तक पहुंचाने के लिए रेलवे ने आज से अपनी पूजा स्पेशल ट्रेनों की सेवा शुरू कर दी है। भारतीय रेलवे आज यानी 20 अक्टूबर से 30 नंबर तक 392 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। रेलवे ने पिछले दिनों ही कहा था कि त्योहारी मौसम में 392 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा जो वर्तमान में चल रहीं ट्रेनों से अतरिक्त ट्रेनें होंगी।

रेलवे ने ट्रेन सफर के लिए गाइडलाइन भी जारी की है, जिसके मुताबिक मास्क नहीं पहनना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करना, यात्रियों को बहुत महंगा पड़ सकता है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, कोविड पॉजिटिव होने पर भी ट्रेन का सफर करने पर, मास्क नहीं पहनने या सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने पर जुर्माना और जेल हो सकता है। दुर्गा पूजा, दशहरा, दिवाली और छठ पूजा की छुट्टी अवधि में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कोलकाता, पटना, वाराणसी और लखनऊ जैसे स्थानों के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। रेलवे ने कहा है कि इन रेल गाड़ियों पर विशेष ट्रेनों वाला किराया लागू होगा, यानी इनका किराया मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में 10-30 प्रतिशत तक अधिक होगा, जो यात्रा की श्रेणी पर निर्भर करेगा। ये स्पेशल ट्रेनें केवल 40 दिनों के लिए चलेंगी।

### आज से शुरू हो रहीं 392 पूजा स्पेशल ट्रेनें, देखें पूरी लिस्ट

वर्तमान में कुल 666 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं, जबकि सभी नियमित ट्रेनों को महामारी के मद्देनजर अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा मुंबई में कुछ उपनगरीय सेवा के साथ-साथ कोलकाता मेट्रो की कुछ सेवा भी बहाल की गई है। अधिकारियों ने बताया कि ये त्योहार विशेष ट्रेनें 30 नवंबर तक ही चलेंगी। आदेश में रेलवे बोर्ड ने कहा कि ये त्योहार विशेष ट्रेनें 55 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलेंगी। रेलवे ने कोरोना वायरस महामारी के कारण अपनी नियमित सेवा को स्थगित कर दिया है और मांग तथा जरूरत के हिसाब से रेल गाड़ियों का संचालन कर रहा है।

अमित शाह का राहुल पर पलटवार

# कहा- तब 1962 में 15 मिनट में चीन को क्यों नहीं बाहर फेंक पाई कांग्रेस सरकार

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर चीन से जारी तनाव के बीच राहुल गांधी के 15 मिनट वाले बयान पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पलटवार किया है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी को 1962 में अपनी सलाह सुननी चाहिए थी, जब भारत ने चीन के साथ युद्ध के दौरान कई हेक्टेयर भूमि खो दी थी। उन्होंने कहा कि 1962 में कांग्रेस ने 15 मिनट में चीन को बाहर क्यों नहीं फेंका। दरअसल, अमित शाह ने 7 अक्टूबर को हरियाणा में नए किसान कानूनों के खिलाफ एक रैली के दौरान पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच चल रही तनातनी के संबंध में राहुल गांधी की 15 मिनट वाले बयान पर जवाब दिया।



राहुल गांधी के बयान अगर हम सत्ता में होते तो 15 मिनट से भी कम समय में चीन को बाहर फेंक देते पर अमित शाह ने टीवी चैनल जी न्यूज के साथ एक इंटरव्यू में कहा, इसे 1962 में ही अप्लाई कर लेना चाहिए था। अगर वो 1962 में ही ऐसा कर लेते, तो भारत अपने हेक्टेयर्स भूमि ना खो दी होती। उस वक्त के प्रधानमंत्री ने तो आकाशवाणी पर यह तक कह दिया था- बाय-बाय असम। कांग्रेस पार्टी हमें ये नसीहत कैसे दे सकती है। आपके परनाना की सरकार थी, तभी चीनी सरकार के हाथों हमारी जमीनें जाती रहीं। 15 जून को गलवान घाटी में हुए खूनी संघर्ष पर अमित शाह ने कहा कि मुझे 16 बिहार रेजीमेंट पर काफी गर्व है। हमारे समय में हमने कम से कम डटकर मुकाबला किया है। मैं गर्व करता हूं बिहार रेजीमेंट के उन जवानों पर, जिन्होंने हड्डियां गलाने वाली ठंड में भी रात को मुस्तैद रहकर हमारे देश की सीमा की सुरक्षा की है और कठोर जवाब दिया है। हालांकि, अमित शाह ने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच जारी तनाव को बातचीत के जरिए हल कर लिया जाएगा। दरअसल, 7 अक्टूबर को हरियाणा में सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने दावा किया था कि पीएम मोदी ने कहा था कि किसी ने भी भारत की जमीन नहीं छीनी है। राहुल गांधी ने कहा कि आज, दुनिया में केवल एक ही देश है जिसकी भूमि दूसरे देश द्वारा ली गई है और पीएम खुद को देशभक्त कहते हैं। अगर हम सत्ता में होते तो 15 मिनट से भी कम समय में चीन को बाहर निकाल फेंकते।

## फिल्मी शख्सियतों से जुड़े ड्रग्स केस की सुनवाई कर रहे स्पेशल जज को धमकी भरा पत्र

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में फिल्मी शख्सियतों से जुड़े ड्रग्स यानी मादक पदार्थ के एक मामले में सुनवाई कर रहे एक एनडीपीएस विशेष न्यायाधीश को सोमवार को धमकी भरा खत और डेटोनेटर के साथ एक पार्सल मिला, जिसमें उनसे दो फिल्मी अभिनेत्रियों और बेंगलुरु में 11 अगस्त को हिंसा के मामले के कुछ आरोपियों को जमानत देने की मांग की गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं होने की शर्त पर कहा, हमने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के शीर्षस्थ सूत्रों के अनुसार तुमकुरु जिला मुख्यालय से भेजा गया एक पार्सल और ड्रग मामले में सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश को संबोधित एक पत्र अदालत के बाहर मिला है। इस मामले में फिल्म अभिनेत्री रागिनी द्विवेदी और संजना गलरानी समेत कुछ बड़े लोगों के नाम आरोपी के तौर पर आये हैं। सूत्रों ने बताया कि जब अदालत कर्मियों ने पत्र को खोला तो उन्हें संदिग्ध वस्तु नजर आई और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस के बम निरोधक दस्ते ने पुष्टि की कि इसमें डेटोनेटर है। बता दें कि कर्नाटक में ड्रग्स का बड़ा रैकेट सामने आया है। इससे पहले सोमवार को राजस्व खुफिया निदेशालय ने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से हाल ही में 13.2 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 13 करोड़ रुपये से अधिक है। डीआरआई बेंगलुरु के अनुसार, फोटो एलबम, फोटो फ्रेम, चूड़ियों और निजी उपयोग की अन्य वस्तुओं में छुपाकर इस मादक पदार्थ को कुरियर के जरिए केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे भेजा गया था। निदेशालय ने कहा कि यह पार्सल चेन्नई से ऑस्ट्रेलिया जाना था।



## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः 22 अक्टूबर को फाइनल प्रेसिडेंशियल डिबेट, डोनाल्ड ट्रंप इस मुद्दे पर चाहते हैं बहस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव लिए प्रचार अभियान अब अंतिम चरण में है। 3 नवबंर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और डो बाइडेन के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में विदेश नीति पर फाइल प्रेसिडेंशियल डिबेट की मांग की है। बता दें कि अगला प्रेडसिडेंशियल डिबेट 22 अक्टूबर को है। इस सिलसिले में ट्रंप के प्रचार अभियान के प्रमुख बिल स्टेपियन ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा है और विदेश नीति के मुद्दे पर फाइनल प्रेसिडेंशियल डिबेट कराने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा, प्रचार की अखंडता और अमेरिकी नागरिकों की भलाई के लिए हम आप से 22 अक्टूबर को होने वाले अंतिम प्रेसिडेंशियल बहल को विदेश नीति पर कराने की अपील करते हैं। इसी मुद्दे पर बहस की सहमति बनी है और पिछले प्रचारों में यही परंपरा रही है। स्टेपियन ने अपनी चिट्ठी में लिखा है कि मॉडरेटर क्रिस्टेन वेल्कर ने कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई,अमेरिकी नागरिक, रेस इन अमेरिका, जलवायु परिवर्तन, राष्ट्रीय सुरक्षा, नेतृत्व और विदेश नीति जैसे कुछ मुद्दों की घोषणा की है, जिनमें से ज्यादातर मुद्दों पर पहली बहस के दौरान चर्चा हो चुकी हैं। उन्होंने बहस के दौरान उम्मदवारों के फोन को बंद कराने की मांग की है।





## कोरोना के मामलों में वृद्धि के बीच वेल्स ने पूर्ण लॉकडाउन की घोषणा की

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि के बीच दक्षिण-पश्चिम में स्थित वेल्स ने सोमवार को दो सप्ताह के लिए पूर्ण लॉकडाउन लागू करने की घोषणा की जोकि इस शुक्रवार से प्रभावी होगा। महामारी के चरम पर होने के दौरान वायरस की रोकथाम के मद्देनजर पूरे ब्रिटेन में लागू रहे सख्त प्रतिबंधों की तरह ही वेल्स में किए जाने वाले ये अस्थायी उपाय नौ नवंबर तक प्रभावी रहेंगे। इस दौरान अधिकतर कारोबार बंद रहेंगे और लोगों को घर में ही रहने के साथ जहां तक संभव हो सके घर से ही काम करने को कहा जा रहा है। गैर-जरूरी दुकानें, पर्यटन और आतिथ्य कारोबार भी बंद रहेंगे। वेल्स के प्रथम मंत्री मार्क ड्रेकफोर्ड ने राजधानी कार्डिफ में एक प्रेसवार्ता में कहा, जिस तरह के प्रभाव की हमें आवश्यकता है, उसके लिए यह सख्त और गहरा होगा। वेल्स में प्रत्येक व्यक्ति को घर में ही रहना होगा। सभी गैर-जरूरी कारोबार बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे सामने कोई भी आसान विकल्प मौजूद नहीं है क्योंकि वायरस वेल्स के सभी हिस्सों में तेजी से फैल रहा है। मार्क ने छोटे और मध्यम दुकानदारों और अन्य आतिथ्य कारोबारियों के लिए आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की है, जिनके व्यापारिक प्रतिष्ठान लॉकडाउन के कारण बंद रहेंगे।

### ट्रंप ने की विदेश नीति पर फाइनल प्रेसिडेंशियल डिबेट की मांग

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में विदेश नीति पर फाइल प्रेसिडेंशियल डिबेट की मांग की है। इस सिलसिले में ट्रम्प के प्रचार अभियान के प्रमुख बिल स्टेपियन ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा है और विदेश नीति के मुद्दे पर फाइनल प्रेसिडेंशियल डिबेट कराने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा, प्रचार की अखंडता और अमेरिकी नागरिकों की भलाई के लिए हम आप से 22 अक्टूबर को होने वाले अंतिम प्रेसिडेंशियल बहल को विदेश नीति पर कराने की अपील करते हैं। इसी मुद्दे पर बहस की सहमति बनी है और पिछले प्रचारों में यही परंपरा रही है।

## कोल्ड चेन की कमी से दुनिया में तीन अरब लोगों तक कोरोना टीका पहुंचने में हो सकती है देर

**गम्पेला (बुर्किना फासो)।** गम्पेला बुर्किना फासो का एक छोटा स्थान है जहां के चिकित्सा केंद्र में पिछले करीब एक साल से रेफ्रिजेटर काम नहीं कर रहा है। दुनिया भर में ऐसे कई स्थान हैं जहां यह सुविधा अभी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में कोरोना वायरस पर काबू के अभियान में बाधा आ सकती है। पूरी दुनिया को प्रभावित करने वाले कोरोना वायरस के टीके को सुरक्षित रखने के लिए फैक्ट्री से लेकर सिरिंज (सुई) तक लगातार कोल्ड चेन की जरूरत होगी। लेकिन विकासशील देशों में कोल्ड चेन बनाने की दिशा में हुई प्रगति के बाद भी दुनिया के 7.8 अरब लोगों में से लगभग तीन अरब लोग ऐसे हैं जिन तक कोविड-19 पर काबू पाने के लिए टीकाकरण अभियान की खातिर तापमान-नियंत्रित भंडारण नहीं है।

इसका नतीजा यह होगा कि दुनिया भर के निर्धन लोग जो इस घातक वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं, उन तक यह टीका सबसे अंत में पहुंच सकेगा। टीके के लिए कोल्ड चेन गरीबों के खिलाफ एक और




असमानता है जो अधिक भीड़ वाली स्थितियों में रहते हैं और काम करते हैं। इससे वायरस को फैलने का मौका मिलता है। ऐसे लोगों तक मेडिकल ऑक्सीजन की भी पहुंच कम होती है जो इस वायरस से संक्रमण के उपचार के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा ऐसे लोग बड़े पैमाने पर परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं, आपूर्ति या तकनीशियनों की कमी का भी सामना करते हैं। कोरोना वायरस टीकों के लिए कोल्ड चेन बनाए रखना धनी देशों के लिए भी आसान नहीं होगा खासकर तब जबकि इसके लिए शून्य से 70 डिग्री सेल्सियस नीचे (माइनस 94 डिग्री एफ) के आसपास के तापमान की आवश्यकता होती है। बुनियादी ढांचे और शीतलन प्रौद्योगिकी के लिए पर्याप्त निवेश नहीं हुआ है जिसकी टीकों के लिए जरूरत होगी। इस महामारी को आठ महीने हो चुके हैं और विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि दुनिया के बड़े हिस्सों में प्रभावी टीकाकरण कार्यक्रम के लिए पर्याप्त प्रशीतन की कमी है। इसमें मध्य एशिया का अधिकतर हिस्सा, भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया और लैटिन अमेरिका का भी एक बड़ा हिस्सा इसमें शामिल है। बुर्किना फासो की राजधानी के पास स्थित इस क्लीनिक का रेफ्रिजेरेटर पिछले साल खराब हो गया था। यह मेडिकल केंद्र करीब 11 हजार लोगों को सेवा मुहैया कराता है। उपकरणों के खराब हो जाने के कारण इस केंद्र में टेटनस, टीबी सहित अन्य आम बीमारियों के भी टीके नहीं रखे जाते। इसका असर स्थानीय लोगों पर होता है।

### पाकिस्तान के नेताओं ने इमरान खान को बताया अयोग्य और अज्ञानी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के नेताओं ने यहां एक रैली में कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान अयोग्य और अज्ञानी हैं और उनकी सरकार तानाशाही शासन से भी बेकार है। पीडीएम 11 विपक्षी दलों का गठबंधन है। उसने यहां अपनी दूसरी रैली में यह कहा। विपक्षी दलों ने 20 सितम्बर को पीडीएम का गठन किया था और तीन चरण में सरकार विरोधी अभियान चलाने की घोषणा की थी। इसके तहत इमरान खान की अगुवाई वाली पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए देश भर में जन सभाएं, प्रदर्शन और रैलियां की जाएंगी और जनवरी 2021 में इस्लामाबाद के लिए लंबा मार्च निकाला जाएगा। लाहौर के पास गुजरांवाला में शुक्रवार को पहली रैली निकाली गई थी। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने बाग़-ए-जिन्ना में कहा कि अयोग्य और अज्ञानी प्रधानमंत्री को अब घर जाना होगा। जरदारी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि बड़े से बड़े तानाशाह नहीं टिक पाए तो यह कठपुतली कैसे टिक पाएगी? उन्होंने प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कोई नई लड़ाई नहीं है लेकिन यह एक निर्णायक लड़ाई होगी।




## चीन के सामने झुका पाकिस्तान, 10 दिन के भीतर टिकटॉक से हटाया बैन

**इस्लामाबाद।** भारत और अमेरिका के बाद चाइनीज ऐप टिकटॉक को बैन करने वाला पाकिस्तान ड्रैगन के सामने खड़ा नहीं रह पाया और चाइनीज दबाव में आकर इमरान खान की सरकार ने वीडियो शेयरिंग ऐप से बैन हटा लिया है। पाकिस्तान सरकार की ओर से कहा गया है कि चाइनीज ऐप कंपनी ने वादा किया है कि अश्लीलता फैलाने में शामिल सभी अकाउंट्स को ब्लॉक किया जाएगा। पाकिस्तान टेलिकॉम्युनिकेशन अथॉरिटी (पीटीए) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मुल्क में ऐप को अनब्लॉक कर दिया गया है। पाकिस्तान सरकार ने 9 अक्टूबर को ऐप पर बैन लगा दिया था। इमरान खान की सरकार ने आरोप लगाया था कि टिकटॉक से देश में अश्लीलता फैल रही है। टेलिकॉम रेग्युलेटर ने कहा था कि ऐप को बैन करने का फैसला समाज के विभिन्न वर्गों से मिली शिकायत के बाद लिया गया था, जिनमें वीडियो शेयरिंग ऐप पर अश्लील सामग्री परोसने का आरोप लगाया गया था। पीटीए ने सोमवार को बयान में कहा, बार-बार अश्लीलता फैलाने में शामिल पाए जाने वाले अकाउंट्स को ब्लॉक किए जाने को लेकर मैनेजमेंट से भरोसा मिलने के बाद टिकटॉक को अनब्लॉक किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी ने स्थानीय अधिकारियों को भरोसा दिया है कि अश्लील और अनैतिक सामग्रियों को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, हम यह देखकर खुश हैं कि टिकटॉक ऐप को पाकिस्तान में अनब्लॉक कर दिया गया है। गौरतलब है कि पाकिस्तान से पहले भारत और अमेरिका में भी टिकटॉक को बैन कर दिया गया था।

# नए ठिकाने तलाश रहे हैं नक्सली, कई राज्यों की पुलिस अब मिलकर करेगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** एक राज्य से दूसरे राज्य में नक्सलियों का आवागमन रोकने के लिए छत्तीसगढ़ सहित चार राज्यों की पुलिस मिलकर अभियान तेज करेगी। इसके अलावा चार अन्य राज्यों से भी नक्सल, तस्करी सहित अन्य मुद्दों पर समन्वय बढ़ाया जाएगा। चार राज्यों ने नक्सलियों के खिलाफ साझा रणनीति को अमल में लाने के लिए पिछले दिनों उच्चस्तरीय बैठक की है। बताया गया है कि इस अभियान में जरूरत के मुताबिक, अन्य राज्य भी शामिल होंगे।

सुरक्षा बल से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि छतीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और ओडिशा में पुलिस व सुरक्षा बल समन्वित रणनीति के साथ नक्सलियों के सफाए का अभियान चलाएंगे। ये राज्य नक्सल से जुड़ी हर सूचना भी आपस में साझा करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, चारों राज्य हर महीने डीजीपी स्तर की बैठक में अभियान की समीक्षा करेंगे।



**नए ठिकाने तलाश रहे नक्सली**–सूत्रों ने कहा कि छतीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के नक्सलरोधी ऑपरेशन के बाद कई नक्सली भागकर नए इलाको में गए हैं। नक्सलियों की नया बेल्ट तैयार करने की कोशिश भी सुरक्षा बलों की जानकारी में है। सुरक्षा बलों का मानना है कि इस समय नक्सली काफी कमजोर स्थिति में हैं। उनके इलाके लगातार सिमट रहे हैं। हमलों की उनकी मंशा भी ज्यादा कामयाब नही हो रही है। ऐसे में नक्सल नेतृत्व नए इलाको में पैठ बनाने का प्रयास कर रहा है।

**राज्य सुरक्षाबलो में सहयोग बढ़ा**–सूत्रों ने कहा राज्यो के बीच सहयोग लगातार बढ़ा है। समय और जरूरत के मुताबिक राज्य आपस मे रणनीति तय करके साझा अभियान चलाने पर राजी हैं। गौरतलब है कि नक्सलियों के ट्राईजंक्शन को ध्यान में रखकर राज्यों की समन्वित रणनीति का सिलसिला 2009 में ही शुरू हो गया था। उस वक्त तीन समूह में ट्राई-जंक्शन के अंतर्गत आंध्र प्रदेश-महाराष्ट्र- छत्तीसगढ़, ओडिशा-झारखंड-छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल-झारखंड-ओडिशा शामिल किए गए थे। वर्ष 2018 में नक्सलियों के नए इलाको पर सुरक्षा बलों का ध्यान गया। पता चला कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के बॉर्डर के खतरनाक जंगलों में नक्सली ट्रेनिंग कैंप चलाकर नक्सलियों को गुरिल्ला वॉर की ट्रेनिंग दे रहे हैं। नक्सलियों की लगातार बदलती रणनीति के मुताबिक सुरक्षा बल भी अपनी रणनीति नए सिरे से तय करते हैं।

**सीमावर्ती इलाकों में भागते हैं नक्सली**–सुकमा और बीजापुर नक्सलियों का कोर हिस्सा माना जाता है। जहां से ओडिशा, तेलंगाना और महाराष्ट्र का नक्सल प्रभावित इलाका जुड़ा हुआ है। कोई भी राज्य ऑपरेशन शुरू करता है तो नक्सली दूसरे राज्य के जंगलों में छिप जाते हैं।

**ये राज्य भी करेंगे सहयोग**–सूत्रों ने कहा, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और आंध्र की पुलिस भी छतीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र, ओडिशा राज्यों के साथ नक्सलवाद, ड्रग्स और तस्करी के खिलाफ मिलकर लड़ेगी। इनके साथ मैकेनिज्म तैयार करने पर काम चल रहा है।

**इलाका सिमट रहा**–गौरतलब है कि सुरक्षाबलो की कार्रवाई और केंद्र व राज्यों की समन्वित रणनीति से नक्सल इलाका लगातार सिमट रहा है और घटनाएं भी कम हो रही हैं।

न्यूज. ब्रीफ



## पांड्या के नये लुक को देखकर प्रशंसक बोले मिनी रसल

**दुबई।** मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अब एक नए हेयर स्टाईल के साथ नजर आए हैं। पांड्या ने अपने बालों को छोटा करवा लिया है और अब उनका लुक वेस्टइंडीज टीम के आंद्रे रसल जैसे नजर आ रहा है। हार्दिक के इस नए नये हेयर स्टाईल को देख प्रशंसक भी हंसी नहीं रोक पाये और उनकी तस्वीर पर कमेंट करना शुरू कर दिया। प्रशंसकों ने हार्दिक को मिनी रसल तक कहा है। हार्दिक अपने हेयर स्टाईल को लेकर आमतौर पर बदलाव करते रहते हैं। यह पहली बार नहीं है कि जब उन्होंने अपने हेयर स्टाईल में बदलाव किया हो वह आईपीएल में अपने स्टायलिश अंदाज और अपने ऑलराउंड खेल लिए जाने जाते हैं। हार्दिक से पहले सीएसके टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने भी अपना हेयरस्टाइल बदला था।

## सेहत ठीक नहीं होने के कारण पुरस्कार वितरण समारोह में नहीं आए रोहित

**दुबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मुकाबले के बाद तबीयत ठीक नहीं होने के कारण पुरस्कार वितरण समारोह में नहीं दिखे। बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड ने रोहित का स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी दी। पोलार्ड ने कहा कि किंग्स इलेवन के खिलाफ हुए इस मैच ने दिखाया कि प्रत्येक रन मायने रखता है। उन्होंने कहा, "टी20 क्रिकेट में एक और दो रन बेहद अहम होते हैं। किंग्स इलेवन पंजाब ने हमें पछाड़ा और वे दो अंक के अधिकारी थे। राहुल ने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी की, मैच सुपर ओवर तक गया, उन्हें बधाई। पोलार्ड ने कहा, "11-12 ओवर तक हमें पता था कि हम पीछे चल रहे हैं। 170 के आसपास रन बनाना, अच्छा स्कोर था। धीमी पिच पर यह प्रतिस्पर्धी स्कोर से बेहतर था। मैदान बड़ा होने के कारण हमने सोचा था कि हम इसका बचाव कर लेंगे।" उन्होंने कहा, "अब हमारे लिए चार दिन का ब्रेक है। हमारे पास पर्याप्त समय है अगले मैच की तैयारी का। मुझे पता चला है कि कप्तान रोहित की तबियत ठीक नहीं है पर उम्मीद है कि अगले मुकाबले तक वह पूरी तरह ठीक हो जाएंगे।"

## ओकुहारा ने डेनमार्क ओपन खिताब जीता

**ओडेंसे।** जापान की नोजोमी ओकुहारा ने डेनमार्क ओपन बैडमिंटन खिताब जीत लिया है। ओकुहारा ने खिताबी मुकाबले में स्पेन की स्टार खिलाड़ी कैरोलिना मारिन को आसानी से 21-19 21-17 से हराकर महिला एकल में यह खिताब अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त ओकुहारा ने तकरीबन 56 मिनट के खेल के बाद मारिन को हराने में सफलता हासिल की। विश्व की चौथे नंबर की जापानी खिलाड़ी ओकुहारा और छठे नंबर की स्पेनिश खिलाड़ी के बीच करियर का यह 16 वां मुकाबला था और इस जीत के साथ जापानी खिलाड़ी ने यह रिकॉर्ड 8-8 से बराबरी पर ला दिया। कोरोना महामारी के बीच होने वाला डेनमार्क ओपन एकमात्र टूर्नामेंट है।

## जेसन ने सीजे कप गोल्फ टूर्नामेंट जीता

**नॉर्थ लास वेगास।** गोल्फर जेसन कोकरेक ने सीजे कप गोल्फ टूर्नामेंट जीत लिया है। जेसन ने अंतिम दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर के साथ यह टूर्नामेंट अपने नाम किया। यह 233वें प्रयास में जेसन का पहला पीजीए खिताब है। कोकरेक अपने 10वें सत्र में खेल रहे हैं। कोकरेक ने दो शॉट की बढ़त के साथ ही अपने करियर का यह पहला पीजीए खिताब जीता। कोररेक ने खिताबी जीत के बाद कहा, अपनी पहली जीत के लिए इतना लंबा इंतजार करना एक विशेष अनुभव है। इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती। सीजे कप को कोविड-19 महामारी के कारण ही दक्षिण कोरिया की जगह स्थानांतरित कर लास वेगास में आयोजित किया गया है।

# राहुल ने बताया, सुपर ओवर में कितनी यॉर्कर फेंकना चाहते थे शमी

दुबई ■ एजेंसी

किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल ने कहा है कि रविवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ रोमांचक इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में सिर्फ पांच रन का बचाव करने के दौरान तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सुपर ओवर में छह यॉर्कर फेंकना चाहते थे। नियमित 20 ओवर के बाद मैच टाई रहा। किंग्स इलेवन पंजाब की टीम इसके बाद पहले सुपर ओवर में पांच रन ही बना सकी। शमी ने हालांकि शानदार गेंदबाजी करते



हुए मुंबई को इसी स्कोर पर रोक दिया। किंग्स इलेवन पंजाब ने अंततः दूसरे सुपर ओवर में जीत दर्ज की। राहुल ने मैच के बाद कहा, "आप कभी सुपर ओवर के लिए तैयारी नहीं कर सकते। कोई टीम ऐसा नहीं कर सकती। इसलिए आपको गेंदबाज पर भरोसा करना होता है। आप गेंदबाज पर भरोसा करते हो और उम्मीद करते हो कि वह अपनी सहज प्रवृत्ति के अनुसार गेंदबाजी करेगा।₹ उन्होंने कहा, "वह (शमी) बिलकुल स्पष्ट था, वह छह यॉर्कर फेंकना चाहता था। उसने शानदार काम किया और प्रत्येक मैच के साथ बेहतर हो रहा है। यह महत्वपूर्ण है कि सीनियर खिलाड़ी टीम को मैच जिताएं। मैच में 77 रन की पारी खेलने के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुने गए राहुल ने जीत पर खुशी जताई, लेकिन कहा कि उनकी टीम इस तरह जीत दर्ज करने की आदत नहीं बनाना चाहती। उन्होंने कहा, "यह पहली बार नहीं हुआ।

लेकिन हम इस तरह की आदत नहीं बनाना चाहते। अंत में हम दो अंक स्वीकार करेंगे। हमेशा वैसा नहीं होता जैसी आप योजना बनाते हो इसलिए आपको नहीं पता कि संतुलित कैसे रहना है। राहुल ने कहा कि विकेट थोड़ा धीमा था और इसलिए उन्हें पता था कि पावर प्ले में रन बनाना महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, "मैं क्रिस (गेल) और (निकोलस) पूरन को जानता हूं... मैं विश्वास करता हूं कि वे स्पिनरों के खिलाफ रन बनाएंगे। क्रिस के आने से बल्लेबाज के रूप में मेरा काम आसान हो गया है। मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड ने कहा कि मैच ने दिखाया कि प्रत्येक रन मायने रखता है। उन्होंने कहा, "टी20 क्रिकेट में एक और दो रन बेहद महत्वपूर्ण होते हैं।

## युवराज ने पूरन की तारीफ की तो चहल ने पूछा, भैया हम इंडिया वापस आ जाएं क्या?

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच जब रविवार को मैच चल रहा था, उसी दौरान ट्विटर पर टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह और युजवेंद्र चहल भी एक मुकाबले में उलझे थे। आईपीएल 2020 का सबसे रोमांचक मुकाबला रविवार को खेला गया। दोनों टीमों के बीच मैच टाई रहने के बाद सुपर ओवर हुआ और कमाल की बात यह है कि पहला सुपर ओवर भी टाई हो गया। इसके बाद क्रिकेट इतिहास में पहली बार मैच का निर्णय दूसरे सुपर ओवर से निकला। किंग्स इलेवन पंजाब ने दूसरे सुपर ओवर में जीत हासिल की। हालांकि असल में जब किंग्स इलेवन पंजाब के सामने 177 रन का लक्ष्य था तब टीम बहुत आसानी से उसे हासिल करती हुई नजर आ रही थी। निकोलस



पूरन और केएल राहुल की जोड़ी मुंबई के गेंदबाजों पर हमला कर रही थी। लेकिन किंग्स इलेवन पंजाब की टीम एक बार फिर अंतिम ओवरों में लड़खड़ा गई और स्कोर टाई हो गया। युवराज सिंह, जो आईपीएल में दोनों फ्रैंचाइजी के लिए खेले हैं, कैरेबियाई बल्लेबाज निकोलस पूरन की बैटिंग देखकर हैरान रह गए। उन्होंने ट्विटर पर पूरन की बैटिंग की तारीफ की। युवराज ने ट्विटर पर लिखा लगता है कि आज का मैच निकोलस पूरन के नाम होगा। उनका बैट फ्लो बहुत खूबसूरत है। उन्हें बल्लेबाजी करते देखना शानदार है। यह मुझे किसी की याद दिलाता है! गेम ऑन! मेरा अनुमान है कि पंजाब प्लेऑफ में खेलेगी और फाइनल में उसका मुकाबला मुंबई इंडियंस या दिल्ली कैपिटल्स से होगा। इसके बाद चहल ने इस ट्वीट पर मजाकिया कमेंट किया और फिर एक सिलसिला ही शुरू हो गया। चहल ने कहा, भैया हम इंडिया आ जाएं वापस।

आईपीएल 2020: दोनों के बीच सीजन के पहले मुकाबले में दिल्ली ने बाजी मारी थी

# दिल्ली कैपिटल के खिलाफ विजयी अभियान जारी रखना चाहेगी पंजाब

- अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ना

दुबई ■ एजेंसी

गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में जीत से किंग्स इलेवन पंजाब का मनोबल बढ़ा होगा, लेकिन अब तब निरंतर प्रदर्शन करने में नाकाम रही इस टीम की राह आसान नहीं होगी क्योंकि मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अपने अगले मैच में उसे अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ना है। सत्र की शुरूआत में दो बेहद करीबी मैच गंवाने के बाद किंग्स इलेवन की टीम पिछले दो मैचों में वांछित नतीजे हासिल करने में कामयाब रही है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ टीम को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए सिर्फ सात रन की दरकार थी और उसे अंतिम गेंद से काफी पहले ही मैच खत्म कर देना चाहिए था, जबकि मुंबई इंडियन्स के खिलाफ आईपीएल के पहले डबल सुपर ओवर से पहले नियमित समय में ही लोकेश राहुल की टीम को जीत हासिल कर लेनी चाहिए थी। डेथ ओवरों की गेंदबाजी, ग्लेन मैक्सवेल की खराब फॉर्म और कमजोर मध्यक्रम टीम की चिंता का विषय है जिसे प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए अपने बाकी बचे पांचों मैच जीतने होंगे।

टूर्नामेंट के शीर्ष दो स्कोरर सलामी बल्लेबाजों राहुल (525) और मयंक अग्रवाल (393) की मौजूदगी के बावजूद टीम को जीत हासिल करने के लिए जूझना पड़ा है। क्रिस गेल की सफल वापसी से हालांकि सलामी बल्लेबाजों के ऊपर से दबाव कम हुआ है विशेषकर राहुल अब अधिक खुलकर खेल सकते हैं। निकोलस पूरन दिखा चुके हैं कि वह क्या करने में सक्षम है, लेकिन उन्होंने अब तक टीम को जीत दिलाने वाली पारी नहीं खेली है। बल्लेबाज के रूप में मैक्सवेल पर दबाव बढ़ रहा है लेकिन वह उपयोगी स्पिनर साबित हो रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हालांकि टीम के मैक्सवेल के साथ ही बरकरार रहने की उम्मीद है।

दिल्ली की टीम मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक सबसे सफल टीम रही है और शनिवार रात चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ करीबी मैच में जीत से उसका मनोबल बढ़ा होगा। पृथ्वी शॉ कुछ मैचों में खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद बड़ी पारी खेलने को बेताब होंगे, जबकि शिखर धवन फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। दिल्ली की टीम नौ मैचों में सात में जीत दर्ज करने में सफल रही है।



### अक्षर पटेल भी उपयोगी साबित हो रहे

अक्षर पटेल ने गेंद के अलावा बल्ले से भी अपनी उपयोगिता साबित की है। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ उन्होंने रविंद्र जडेजा के मैच के अंतिम ओवर में तीन छक्के जड़कर दिल्ली को जीत दिलाई। उम्दा गेंदबाजी क्रम के साथ दिल्ली की टीम ने दिखाया है कि वे कम स्कोर का बचाव करने में भी सक्षम हैं। चोटिल ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में खेल रहे अजिंक्य रहाणे के पास प्रभाव छोड़ने के लिए अधिक समय नहीं बचा है।

### दोनों टीमों की संभावित खिलाड़ी

**किंग्स इलेवन पंजाब:** प्लेइंग क केएल राहुल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, क्रिस गेल, ग्लेन मैक्सवेल, निकोलस पूरन, दीपक हुड्डा, क्रिस जोर्डन, मुरुगन अश्विन, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई।

**दिल्ली कैपिटल्स:** शिखर धवन, पृथ्वी शॉ, श्रेयस अय्यर (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, एलेक्स कैरी, मार्कस स्टोइनिस, आर अश्विन, एनरिच नोर्जे, अक्षर पटेल, तुषार देशपांडे, कगिसो रबाडा।

## एसयूवी ऑल न्यू थार को लेकर जबरदस्त क्रेज, 15,000 से अधिक बुकिंग हो चुकी

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) की नई एसयूवी ऑल न्यू थार की 15,000 से अधिक बुकिंग हो चुकी है। कंपनी ने थार को 2 अक्टूबर, 2020 को लांच किया था। एमएंडएम 19.4 बिलियन डॉलर के महिंद्रा समूह का हिस्सा है। नई थार के कुल खरीदारों में 57 प्रतिशत पहली बार कार खरीदने वाले हैं और कुल बुकिंग्स में से एक बड़ा हिस्सा ऑटोमेटिक वेरिएंट्स का है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के सीईओ विजय नाकरा ने कहा, 'अब तक नई थार की बुकिंग्स 15,000 के पार पहुंच चुकी है। नई थार को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया की हमें बेहद खुशी है। खास तौर पर ब्रांड के पुराने चहेतों के अलावा लाइफस्टाइल के इच्छुकों के बीच नई थार के प्रति भारी स्वीकार्यता देखने को मिली है। इस शानदार प्रतिक्रिया के मद्देनजर, हम हमारी क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा रहे हैं।' नई थार को लेकर खरीदारों और ऑटो एक्सपर्ट्स में काफी दिलचस्पी देखने के मिल रही है।थार के लांच के बाद से, नई थार को लेकर 65,000 से अधिक पूछताछ की जा चुकी है और वेबसाइट पर इसके लिए 8 लाख से अधिक विजिटर्स आ चुके हैं।

## रेवेन्यू की तुलना में आरएंडडी पर 0.9 पर्सेंट ही खर्च करती हैं कंपनियां

दुबई ■ एजेंसी

शेयर बाजार में लिस्टेड देश की कंपनियां रिसर्च एंव डेवलपमेंट (आरएंडडी) पर अपने रेवेन्यू का महज 0.9 पर्सेंट हिस्सा ही खर्च करती हैं। इसमें फार्मा और ऑटो सेक्टर सबसे ऊपर है। जबकि एनर्जी, सीमेंट जैसे सेक्टर काफी पीछे हैं। आरएंडडी पर खर्च न करने से देश की जीडीपी पर भी बुरा असर होता है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की ओर से जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, शेयर बाजार में लिस्टेड 409 कंपनियों ने वित्त वर्ष 2020 में 360 अरब रुपए या अपने रेवेन्यू का 0.9 पर्सेंट हिस्सा आरएंडडी पर खर्च किया। जिन सेक्टर्स ने आरएंडडी में सबसे ज्यादा खर्च किया



उसमें ऑटो सेक्टर ने 111 अरब रुपए खर्च किया। फार्मा ने 106 अरब रुपए, इंडस्ट्रियल और एनर्जी ने 82 अरब रुपए और आईटी ने 23 अरब रुपए खर्च किया। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने कहा कि निजी सेक्टर्स ने आरएंडडी पर केवल 37 पर्सेंट खर्च किया। जबकि सरकारी सेक्टर ने इससे काफी ज्यादा खर्च किया। भारत में अभी भी आरएंडडी पर होनेवाला खर्च काफी स्थिर है। यह साल 2014 से अब तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में महज 0.7 पर्सेंट ही है। यही नहीं, अन्य उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भी भारत आरएंडडी पर काफी कम खर्च करता है। रिपोर्ट कहती है कि विकसित देशों की तुलना में भारत में दो पर्सेंट कम आरएंडडी पर खर्च होता है। दरअसल विश्लेषक मानते हैं कि किसी भी अर्थव्यवस्था में आरएंडडी पर खर्च से देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार में मदद मिलती है। यह अर्थव्यवस्था में टोटल फैक्टर प्रोडक्टिविटी (टीएफपी) को सुधारता है। इससे जीडीपी की बढ़त में मदद मिलती है।

एडमिनिस्ट्रेटर को भेजा पत्र

# परिवार की संपत्ति बेचकर चुका सकते हैं डीएचएफएल का कर्ज

- कपिल वधावन ने एडमिनिस्ट्रेटर से कहा- संपत्ति की गलत वैल्यू ना आंकी जाए
- डीएचएफएल को खरीदने के लिए 4 कंपनियों ने रेजोल्यूशन प्लान दाखिल किया

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के प्रमोटर कपिल वधावन ने कर्ज चुकाने के लिए नया ऑफर पेश किया है। वधावन ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से नियुक्त एडमिनिस्ट्रेटर आर. सुब्रमण्यकुमार को पत्र भेजकर कहा है कि परिवार की संपत्ति बेचकर डीएचएफएल का कर्ज चुकाया जा सकता है। पारिवारिक संपत्ति की वैल्यू 43 हजार करोड़ रुपए के करीब है। डीएचएफएल पर करीब 90 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है।

### संपत्ति की सही वैल्यू आंकी जाए

कंपनी के अधिग्रहण के लिए निविदा आने पर वधावन ने कहा है कि सभी संपत्तियों के लिए सही वैल्यू आंकी जाए। उन्होंने कहा है कि संपत्ति की गलत वैल्यू आंकने का प्रयास ना किया जाए। वधावन ने एडमिनिस्ट्रेटर से आग्रह किया है कि उन्हें भी डीएचएफएल की रेजोल्यूशन प्रक्रिया में सुझाव देने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा है कि डीएचएफएल ने सितंबर 2018 से 44 हजार करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया है। 17 अक्टूबर को लिखे पत्र में वधावन ने उम्मीद जताई है कि रेजोल्यूशन प्रक्रिया सकारात्मक रहेगी।




### चार कंपनियों ने जमा किया रेजोल्यूशन प्लान

डीएचएफएल की खरीदने के लिए निविदा प्रक्रिया शनिवार को समाप्त हुई है। इसके लिए चार कंपनियों ने रेजोल्यूशन प्लान जमा किया है। इन कंपनियों में अडानी ग्रुप, पीरामल एंटरप्राइजेज, अमेरिका की ओकट्री और हांगकांग की एससी लोवी शामिल हैं। पिछले साल आरबीआई ने इन्सोलवेंसी एंड बैंकरप्सी (आईबीसी) कोड के तहत डीएचएफएल की दिवालिया प्रक्रिया के लिए आवेदन किया था। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की मुंबई बेंच में डीएचएफएल की दिवालिया प्रक्रिया चल रही है।

### डीएचएफएल में कई धोखाधड़ी हुई

पिछले महीने की फाइलिंग के मुताबिक ट्रांजेक्शन ऑडिटर ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट अनुसार कारोबारी साल 2007 से कारोबारी साल 2019 के दौरान डीएचएफएल में 17,394 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी रिपोर्ट की गई थी। प्रमोटर्स द्वारा किए गए फंड डायवर्जन के कारण कर्जदाताओं ने डीएचएफएल अकाउंट को फ्रॉड की श्रेणी में डाल दिया था। फॉरेंसिक ऑडिट में 12,705.53 करोड़ रुपए की अन्य धोखाधड़ी का पता चला था। इस महीने के शुरू में ग्रांट थॉर्नटन को तीसरी धोखाधड़ी का भी पता चला था। तीसरी धोखाधड़ी 2,150.84 करोड़ रुपए की थी, जो डीएचएफएल की इंश्योरेंस सब्सिडियरी की वैल्यू को कम आंक कर गई थी।

# रनवे पर फिर लौटेगी जेट- हजारों को देगी रोजगार

**नई दिल्ली।** जेट एयरवेज एक बार फिर आसमान में उड़ने को तैयार है। दरअसल, भारी कर्ज में डूबी जेट को नया मालिक मिल गया है। जेट को कर्ज देने वाली कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ने लंदन की एसेट मैनेजमेंट कंपनी कालरॉक कैपिटल और संयुक्त अरब अमीरात के निवेशक मुरारी लाल जालान को नए निवेशक के रूप में चुना है। इसके साथ ही लंबे समय से चला आ रहा जेट के भविष्य पर छाया अंधेरा छट गया है। जेट को फिर से उड़ने के ऐलान से विमानन उद्योग में रोजगार के बड़ी संख्या में नए अवसर पैदा होंगे क्योंकि हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन होंगे। गौरतलब है कि बंद होते समय जेट में 9000 लोग कार्यरत थे जो अब करीब 4500 कर्मी ही बच गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जेट को फिर से उड़ान सेवा शुरू करने के लिए बड़ी संख्या में नई नियुक्तियां करनी होंगी। यह कोरोना के बाद सुस्त पड़े जॉब मार्केट में तेजी लाने का काम करेगा। जेट देश के साथ विदेश में उड़ान सेवा का संचालन करेगी तो नियुक्तियां हर स्तर पर की जाएंगी। जेट एयरवेज के रिजोल्यूशन प्रोफेशनल ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि इस प्रस्ताव पर ई-वोटिंग हुई जिसके बाद इसे मंजूरी दी गई। गौरतबल है कि बंद हो चुकी विमानन कंपनी को दो समूहों से प्रस्ताव मिले थे।



**हजारों में नई भर्तिया होंगी**-जेट के फिर से उड़ान भरने से विमानन क्षेत्र में हजारों नई भर्तिया होने का रास्ता साफ हो गया है। जब जेट बंद हुई थी तो उसके पास 9000 कर्मचारी थे जिसमें से 3700 से अधिक ग्राउंट स्टाफ, 2000 फ्लाइट सेवा, 1500 इंजीनियरिंग विभाग, 1000 फ्लाइट ऑपरेशंस और 500 कॉरपोरेट ऑफिस में कार्यरत थे। बंद होने के बाद आधे से अधिक कर्मी जेट को छोड़कर दूसरी कंपनी से जुड़ चुके हैं। मौजूदा समय में जेट के साथ करीब 4000 कर्मी ही जुड़े हैं। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि जेट को उड़ान भरने से पहले हजारों की संख्या में नई नियुक्तियां करनी होंगी।

**इन क्षेत्रों में नई भर्तियां होंगी**-विशेषज्ञों का कहना है कि जेट की उड़ान भरने की तैयारी से पायलट, केबिन क्रू, इंजीनियरिंग स्टाफ, ग्राउंड हैंडलिंग, एयरपोर्ट स्टाफ, बुकिंग एजेंसी, कार्गो हैंडलिंग जैसे अनेक डिपार्टमेंट में फिर से हायरिंग होगी। इसके साथ ही दूसरी विमानन कंपनियां भी भारत का रुख करने की तैयारी में है। ऐसे में भारतीय विमानन क्षेत्र एक बड़ा अवसर लेकर आने वाला है।

**संजय मंडाविया शुरू करेंगे बजट एयरलाइंस**-जेट एयरवेज के पुराने कर्मचारी संजय मंडाविया की कंपनी फ्लाइट सिमुलेशन टेक्नीक सेंटर के कंसोर्टियम ने जेट एयरेवेज के खरीदने के लिए 770 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। हालांकि, उनको सफला नहीं मिल पाई। इसके बाद संजय मंडाविया ने अपना बजट एयरलाइंस शुरू करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि जेट के लिए बोली लगाने में असफल होने के बाद अब वह अपनी बजट एयरलाइंस शुरू करने पर पूरा फोकस करेंगे।

**विमानन क्षेत्र में अवसर तेजी से बढ़ेंगे**-एयरलाइंस विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना के बाद घरेलू उड़ान शुरू होने के दो माह के भीतर यात्रियों की संख्या पहले के स्तर पर पहुंच गई है। यह भारतीय विमानन क्षेत्र की ताकत को बताता है। इसके साथ ही सरकार रीजनल फ्लाइट को बढ़ावा दे रही है। छोटे शहरों को उड़ान योजना के तहत हवाई सेवा

# शेयर बाजार कोरोना के पहले वाले स्तर पर लौटे, क्या सोना भी लौटेगा?

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी की वजह से शेयर मार्केट में जो गिरावट आई थी, उससे बाजार पूरी तरह उबरते नजर आ रहे हैं। ज्यादातर शेयर बाजार कोरोना के पहले के दौर में आ चुके हैं या उसके आस-पास हैं। वहीं सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। 24 फरवरी 2020 को सोना 41000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था, जबकि सेंसेक्स 40,363 के स्तर पर। आज सेंसेक्स 40,500 के ऊपर कारोबार कर रहा है और 19 अक्टूबर को सोना 51,023 रुपये पर बंद हुआ था। अगर अक्टूबर में अब तक सोने की चाल की बात करें तो यह 581 रुपये प्रति 10 ग्राम चढ़ चुका है जबकि चांदी 2566 रुपये प्रति किलो की छलांग लगा चुकी है।

**सोना अपने ऑल टाइम हाई से अभी भी 5231 रुपये सस्ता**-सोना अपने ऑल टाइम हाई से अभी भी 5231 रुपये सस्ता है। चांदी भी 13468 रुपये प्रति किलो तक गिर चुकी है।कोरोना काल के दौरान 7 अगस्त को सोने ने 56,254 रुपये प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइ हाई छू लिया, जबकि सेंसेक्स भी काफी रिकवर होकर 37,600 के स्तर पर पहुंच गया। सर्राफा बाजार में 19 अक्टूबर को सोना 51023 रुपये पर बंद हुआ और सेंसेक्स 40,431के स्तर पर। तो क्या गोल्ड कोरोना काल से पहले वाली स्थिति यानी 45000 रुपये प्रति 10 ग्राम के आस-पास आ पाएगा? यदि आपको लग रहा है कि शेयर बाजार में तेजी के साथ सोना और सस्ता होगा, तो आपका अंदाजा गलत भी हो सकता है, ऐसा एक्सपर्ट का मानना है। दीवाली के दौरान लोग सोना खरीदना पसंद करते हैं। इस मौके पर सोना खरीदना धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि दीवाली के दौरान सोना खरीदना शुभ माना जाता है। दिवाली के दौरान सोना खरीदने की रस्म घर में धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी को आमंत्रित करने के बराबर है। ऐसे में उम्मीद है कि इस पीली धातु की मांग बढ़ेगी। बता दें 19 अक्टूबर को देशभर के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट गोल्ड 118 रुपये की तेजी के साथ 51,023 रुपये पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) तपन पटेल ने कहा, ''कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच यूरोप में ताजा लॉकडाउन लागू किये जाने की आशंका की वजह से मौजूदा बाजार अनिश्चितताओं के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई।'' बाजार के अन्य जानकारों के मुताबिक डॉलर में तेजी आएगी तो लॉन्ग टर्म में सोने के दाम और तेजी से बढ़ेंगे। यानी अगले साल तक सोना 60 से 70 हजार रुपए प्रति दस ग्राम तक पहुंच सकता है।



### अक्टूबर में ऐसी रही सोने-चांदी की चाल



| तारीख | सोने का रेट (रुपये/10 ग्राम) | चांदी का रेट (रुपये/ किलो ग्राम) |
|---|---|---|
| 19 अक्टूबर 2020 | 51023 | 62540 |
| 16 अक्टूबर 2020 | 50905 | 61558 |
| 15 अक्टूबर 2020 | 50663 | 60159 |
| 14 अक्टूबर 2020 ) | 50627 | 60730 |
| 13 अक्टूबर 2020 | 51147 | 62188 |
| 12 अक्टूबर 2020 | 51156 | 62606 |
| 09 अक्टूबर 2020 | 50878 | 61106 |
| 08 अक्टूबर 2020 | 50369 | 60334 |
| 07 अक्टूबर 2020 | 50287 | 58872 |
| 06 अक्टूबर 2020 | 51044 | 61112 |
| 05 अक्टूबर 2020 | 50498 | 60111 |
| 01 अक्टूबर 2020 | 50413 | 59264 |
| 30 सितंबर 2020 | 50442 | 59974 |

## एक नजर...



### लगातार प्रयास का फल है सफलता - संघमित्रा गौतम

(अर्पित गुप्ता)

**ग्वालियर।** रोट्रेक्ट क्लब ऑफ ग्वालियर रीगल द्वारा प्रशासनिक सेवा की तैयारियों के लिए वेबिनार संपन्न कराया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप मैं डिप्टी कलक्टर संघमित्रा गौतम उपस्थित रहीं युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा प्रशासनिक तैयारी के लिए एक जुनून और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है जिससे कि सही तरह से तैयारी कर सकें आठ घंटे पढ़ना आवश्यक नहीं किंतु जितना भी पढ़े पूरा मन लगा कर पढ़े वेबिनार संचालन मानसी चौहान तथा आभार व्यक्त क्लब अध्यक्ष आकाश बरूआ ने किया इस अवसर पर आयुषी अग्रवाल , प्रज्ञा श्रीवास्तव, हनी सेंगर आदि क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

### ग्वालियर व ग्वालियर पूर्व में चुनावी खर्चे पर निगरानी रखने व्यय प्रेक्षक संजय कुमार ग्वालियर आए

**ग्वालियर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर एवं 16-ग्वालियर पूर्व में निर्वाचन व्यय पर निगरानी रखने के लिये भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजय कुमार को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। श्री संजय कुमार ग्वालियर आ चुके हैं। व्यय प्रेक्षक संजय कुमार यहाँ मेला रोड़ पर एलएनआईपीई परिसर में स्थित विश्रामगृह के कक्ष क्र.-3 में ठहरे हैं। उनका मोबाइल नम्बर 9406717633 है। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं आमजन प्रेक्षक श्री संजय कुमार से अपरान्ह 3 बजे से सायंकाल 4 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। वे उप चुनाव की समाप्ति तक ग्वालियर में मौजूद रहेंगे।

### संयुक्त कलेक्टर श्री रावत को व्यय निगरानी नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी

**ग्वालियर।** जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के लिये व्यय निगरानी नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। अब यह जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर श्री अश्विनी रावत (मोबा. 9425031804) निभायेंगे। पहले नोडल अधिकारी का दायित्व अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य देख रहे थे। उनका स्वास्थ्य ठीक न होने की वजह से श्री रावत को व्यय निगरानी नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित

### जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों से 35 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**ग्वालियर।** जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से 35 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमायेंगे। सोमवार को नाम वापसी के बाद शेष रहे सभी प्रत्याशियों को संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र15-ग्वालियर में 9 उम्मीदवार, 16-ग्वालियर पूर्व में 12 उम्मीदवार एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र19- डबरा (अजा.) में 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

### रोटरी क्लब ग्वालियर के ग्लोबल ग्रान्ट प्रोजेक्ट का लोकार्पण

रोटरी क्लब आफ ग्वालियर ने ग्लोबल ग्रान्ट नं 1758519 व सी एस आर सहयोगी मैसर्स एल्को ब्रू प्रा.लि. के सहयोग से ग्राम -बीलपुरा ( कुलैथ) स्थित वनक्षेत्र में जल संवर्धन के लिए बनाये गये स्टाप डेम का लोकार्पण मुख्यअतिथि विवेक शेजवलकर ( सांसद,ग्वालियर ), विशिष्ट अतिथि- रोटे



हरीश गौड़ ( डी जी , डिस्ट्रिक्ट-3053) व परवेज़ बापुना की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में इस प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी (प्रोजेक्ट समन्वयक ) रोटे.प्रभात भार्गव ने देते हुए बताया कि तालाब के गहरीकरण ,बॉंध के किनारों को ऊँचा कर , वीयर वाल का सुदृढ़ीकरण व ऊँचाई बढ़ाने से आसपास के पन्द्रह गॉवों में जल का स्तर बढ़ गया है। जनसुविधा को ध्यान में रखते नहाने , कपड़े धोने के लिए घाट बनाये गये हैं ।तालाब के आस-पास निर्जन स्थान पर फ़ैन्सिंग व ट्री गार्ड लगाकर 251 पौधों के माध्यम से वृक्षारोपण किया गया है। रोटरी क्लब ने इस कार्य के माध्यम से जल संवर्धन के अलावा पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्य किया है । कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने क्लब के द्वारा किये गये कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की । क्लब सचिव रोटे. राममोहन त्रिपाठी ने कार्य करते समय आने वाली परेशानियों व किये गये कार्य की प्रगति व वर्तमान स्वरूप के उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी सभा में दी ।इस कार्य को क़रीब ? 45.0 लाख की लागत से सम्पन्न किया गया है। इस अवसर पर 11 पौधे और लगाये गये । कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष- रोटे अरविन्द दूदावत, सचिव-रोटे. राममोहन त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष-रोटे. प्रेरणा चतुर्वेदी के अलावा पीडीजी डॉ वीरेन्द्र गंगवाल, पीडीजी राधेश्याम राठी, पीडीजी भूपेन्द्र जैन के अलावा बडी सँख्या में क्लब के सदस्य व शहर के सभी अन्य 10 रोटरी क्लबों के सदस्यों के अलावा लाभान्वित होने वाले गाँवों के ग्रामीण भी उपस्थित रहे। अन्त में सभी का आभार पीडीजी भूपेन्द्र जैन द्वारा दिया गया।

# आदर्श आचार संहिता एवं कोविड गाइडलाइन का पालन किया जाए

**ग्वालियर।** लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के साथ ही कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम हेतु जारी की गई गाइडलाइन का भी पालन सुनिश्चित करना जरूरी है। विधानसभा उप निर्वाचन-2020 के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अजयनाथ झा, श्री संजय सिन्हा ने यह बात मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पार्टी प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक में कही।

कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रत्याशी एवं प्रतिनिधियों की बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, विधानसभा उप निर्वाचन के लिये विधानसभा क्षेत्र 15-ग्वालियर के रिटर्निंग ऑफीसर श्री प्रदीप तोमर, 16-ग्वालियर पूर्व के रिटर्निंग ऑफीसर श्री एच बी शर्मा एवं 19-डबरा (अजा.) विधानसभा के रिटर्निंग ऑफीसर श्री प्रदीप शर्मा, विभागीय अधिकारी एवं प्रत्याशी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सामान्य प्रेक्षक श्री अजयनाथ झा ने कहा कि चुनाव में हार-जीत अपने स्थान पर है। लेकिन लोकतंत्र की मजबूती के लिये आदर्श आचार संहिता का पालन करने के साथ-साथ कोविड-19 के लिये दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकगण निर्वाचन की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ आपकी सुविधा के लिये हैं। किसी भी प्रत्याशी को कोई दिक्कत हो



तो प्रेक्षकगणों से संपर्क कर सकता है। उनकी समस्याओं का निराकरण तत्परता से किया जायेगा। प्रेक्षक श्री संजय सिन्हा ने सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि आदर्श आचार संहिता का पालन करें। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भी पालन करें। आयोग द्वारा व्यय के संबंध में जो सीमायें तय की गई हैं उसका अच्छे से अध्ययन करें और समय पर व्यय लेखा भी प्रस्तुत करें। मतदान के दौरान भी स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान हो, इसमें सभी अपना सहयोग प्रदान करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में 80 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता, दिव्यांग मतदाता एवं कोविड-19 से क्वारंटाइन मतदाताओं के लिये डाक मत पत्र की सुविधा दी गई है। इसके लिये रूट चार्ट निर्धारित कर दिया गया है। रूट चार्ट की कॉपी सभी प्रत्याशियों को भी प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही मतदान दलों में लगे कर्मचारियों को भी डाक मत पत्र की पात्रता रहेगी। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें डाक मत पत्र की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इस मौके पर प्रत्याशियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहना चाहें तो रह सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग के निर्देशानुसार कोई भी प्रत्याशी 10 हजार रूपए से अधिक की राशि कैश में खर्च नहीं कर सकता है। इसका सभी प्रत्याशी विशेष ध्यान रखें।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि इस बार विधानसभा उप निर्वाचन में मतदान के डेढ़ घंटा पहले मॉक पोल किया जायेगा। सभी प्रत्याशी अपने एजेंटों को डेढ़ घंटा पहले मतदान केन्द्र पर पहुँचने के लिये कहें। इसके साथ ही संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निर्धारण भी कर दिया गया है। किसी भी प्रत्याशी को मतदान केन्द्रों के संबंध में कोई सुझाव देना है तो दे सकता है। बैठक में कलेक्टर ने सभी प्रतिनिधियों से कहा कि निर्वाचन के संबंध में अगर कोई शिकायत है तो अपने क्षेत्र के आरओ, कंट्रोल रूम, जिला कलेक्टर को शिकायत की जा सकती है उनकी शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई की जायेगी। बैठक में प्रतिनिधियों ने निर्वाचन के संबंध में कई सवाल पूछे जिनका प्रेक्षकगण एवं कलेक्टर ने समाधानपूर्वक जवाब दिया।

## कमलनाथ क्षमा मांग लेते तो मामले का पटाक्षेप हो जाता : अजय विश्नोई

ग्वालियर। मप्र के पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय विश्नोई ने कहा है कि राज्य में भाजपा की सरकार के जाने के बाद से पूरे प्रदेश में विकास कार्यों की गति रूक से गई थी। जो अब पिछले छह माह से पुनः अपनी रफ्तार पकडने लगी है। इतना ही नहीं पूर्व में शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई जा रही जनहित की योजनाओं पर भी जो ब्रेक लगा था , वह अब फिर सरकार आने के बाद से पुनः शुरू होकर जनता को लाभ पहुंचाने लगी हैं। अजय विश्नोई ने यह भी कहा कि मंत्री इमरती देवी वाले मामले में यदि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अभी भी क्षमा मांग लेते तो मामले का पटाक्षेप हो जाता। उन्होंने कहा कि राहुल के बीच में आने मं यह मामला और आगे बढ़ गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि वैसे भाजपा संगठन ने उन्हें 15 ग्वालियर में उप चुनाव के लिये प्रभारी बनाया है। उन्होंने बताया कि वह अपने अनुभव के आधार पर यह कह सकते हैं कि जहां उप चुनाव में चुनावी सक्रियता में भाजपा सामने वाली पार्टी से काफी आगे है। इतना ही नहीं भाजपा के नेता जहां तक कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया से लेकर केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर की आज भी कई सभाएं हैं। कार्यकर्ताओं में भाजपा के प्रति उत्साह है। पूर्व मंत्री ने कहा कि इतना ही नहीं कांग्रेस से आए प्रत्याशी से लेकर कार्यकर्ताओं में और भाजपा के कार्यकर्ताओं में समन्वय और सामंजस्य देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 माह में जो विकास का पहिया थम सा गया था वह फिर से तेज गति पकडने लगा है। वहीं कई योजनाएं फिर मूर्त रूप लेने लगी है। उन्होने अमृत योजना का उदाहरण देते हुये कहा कि 15 माह की कमलनाथ सरकार में यह योजना रूक सी गई थी, लेकिन फिर से शिवराज सिंह की सरकार आने के बाद से अमृत योजना के कार्य फिर शुरू हो गये हैं। वहीं अब योजना के कारण सडकों पर जो गडढे दिख रहे हैं वह जल्द ही भर जायेंगे। पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने गत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा भाजपा नेत्री को आयटम कहे जाने पर चल रही चर्चाओं को जोडते हुये कहा कि कांग्रेस के लोगों की मानसिकता ही ऐसी ही है। इतना ही नहीं पूर्व सीएम कमलनाथ राहुल गांधी तक को अपना नेता नहीं मानते । क्योंकि राहुल गांधी द्वारा यह कहे जाने पर कि उनके कि



उन्हें ऐसी भाषा पसंद नहीं कमलनाथ को माफी मांगना चाहिये , पर पूर्व सीएम ने कहा कि यह उनके विचार होगे उन्होंने कोई अमर्यादित भाषा का उपयोग नहीं किया। उन्होने कहा कि राहुल गांधी ने स्वयं मामले में बीच में पडकर कमलनाथ को समझाने का प्रयास किया लेकिन उनका भी मजाक बना दिया गया जो कि लोगों द्वारा कहा जाना गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों को सहज स्वीकार कर लेना चाहिये कि उनके नेताओं के विचार महिलाओं के प्रति अच्छे नहीं है। उन्होंने कहा कि चाहे कमलनाथ हों या दिग्विजय सिंह या जीतू पटवारी सबकी मानसिकता ओछी है। पूर्व सीएम यदि इस मामले में तत्काल क्षमा मांग लेते तो मामले का पटाक्षेप हो जाता। वहीं राहुल गांधी ने बीच में पडकर इसे और आगे बढ़ा दिया। पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने कहा कि इन उप चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चत दिख रही है।



## राजनीति को जनसेवा नहीं व्यापार बना दिया :डॉ.सिकरवार

**ग्वालियर।** राजनीति जनसेवा का माध्यम है, लेकिन कुछ लोग राजनीति में जनसेवा नहीं व्यापार करने के लिए आ गये हैं। कुछ माह पहले इन्ही लोगों ने मध्यप्रदेष में जनमत को बेंच कर राजनीति को कलंकित कर व्यापार बना दिया। पहले झूठे वादे करके जनमत हॉसिल किया फिर जनता से किये गये विकास के वादों को भूलकर पूरा परिवार भ्रश्टाचार करने में जुट गया। लेकिन जब भ्रश्टाचार करने से लालच की भूख नहीं मिटी तो जनमत को ही बेंच दिया और इन्होंने सोचा कि जनता कुछ नहीं कहेगी। डॉ.सिकरवार ने कहा कि भ्रश्टाचारी वापस आ रहे हैं, आपसे झूठे वादों का पुलिंदा बांधनें और जनमत हॉसिल करने की कोषिष करने, ताकि बाद में जनमत को फिर से बेंच सकें। लेकिन अब जनता द्वारा इन्हे जनमत नहीं विष्वासघात करने की सजा मिलेगी और ये सजा इन्हे आने वाली 3 तारीख को आप सब मिलकर देगें, ताकि भविश्य में फिर से कोई जनमत को बेचनें की हिम्मत न कर सके साथ ही बिकाऊलाल को सबक सिखाना है। यह बात आज ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस प्रत्याषी डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने क्षेत्र में आयोजित विभिन्न बैठकों में जनता से कही। क्षेत्रीय जनता द्वारा बैठकों में डॉ. सिकरवार पर पुश्हारवर्शा कर स्वागत किया गया।

डॉ. सिकरवार ने किया वार्ड 26 में जनसम्पर्कः- ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस प्रत्याषी डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 26 में घर-घर जाकर सघन् जनसम्पर्क किया। आज सुबह करीब 8 बजे कार्यकर्ता डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में बारादरी चौराहा पर एकत्रित हुए और वहां से सिंहपुर रोड, मीरा नगर, षिवहरे कॉलोनी, त्यागी नगर, पीतल कारखाना, अकबगंज, बजाज खान, टेम्पू स्टेण्ड चौराहा, नगर निगम कॉलोनी, पुरानी मार्केट, पृथ्वीराज मार्ग, तिकोनिया की पांचो गली, वाल्मीक बस्ती, रिसाला बाजार, खटीक मौहल्ला, वाल्मीक बस्ती सामुदायिक भवन होते हुये, पुरानी हरीजन वाली दरगाह होते हुये, हनुमान कॉलोनी, सुदामापुरी गली नं.2, सुदामापुरी गली नं.1, कचहरी, घासमण्डी चौराहा पर समापन किया।

## उपनगर में महाराजा अग्रसेन चल समारोह निकला

**ग्वालियर।** महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल नवयुवक संघ उपनगर ग्वालियर द्वारा बीती रात्रि अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन का जयंती चल समारोह निकाला गया। चल समारोह कोविड नियमों व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर से घासमंडी , छोटा बाजार, सर्राफा बाजार, किलागेट व हजीरा चौराहा तक निकाला गया। चल समारोह में महाराजा अग्रसेन का रथ भी निकाला गया, जिसमें महाराजा अग्रसेन विराजमान थे और उनकी आरती भी अग्र समाज के लोगों द्वारा की गई। स्थान-स्थान पर अग्र बंधुओं ने चल समारोह का स्वागत किया। चल समारोह में एक रथ और एक बैंड दयाल बैंड ही शामिल किया गया था। इस मौके पर



अग्रवाल समाज की महिलाएं , बच्चे भी मास्क लगाये सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये शामिल हुये। चल समारोह में ग्वालियर थाना पर प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. रामबाबू गोयल सहित उनके परिजनों ने आरती उतारी, वहीं पच्ची पाडा गली पर भारत स्काउट के सहायक जिला कमिश्नर विनय अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, मेडीकल प्रतिनिधि शैलेन्द्र अग्रवाल, शशि अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल ने भी आरती उतारी। चल समारोह में अग्रवाल समाज मप्र के प्रमुख गोविंद गोयल भी शामिल हुये, अग्रवाल समाज के लोगों ने उनका अभिनंदन भी किया। चल समारोह में अग्रवाल समाज के जवाहर जैन, अशोक जैन, प्रेमचंद अग्रवाल, हर्ष जैन, विष्णु गर्ग, मयंक अग्रवाल, महेश अग्रवाल, मोहित जैन, विनय अग्रवाल, पार्षद विकास जैन टीटू, कमलकिशोर बंसल, गौरव जैन, शैलेन्द्र अग्रवाल, एडवोकेट प्रखर गोयल, देव जैन, राहुल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**TOMAR ASSOCIATES**

शीघ्र करें, ऑफर सीमित समय के लिये

नवरात्री के अवसर पर
विशेष छूट पर प्लॉट उपलब्ध

ग्वालियर शहर में आसान मासिक किस्तों पर प्लॉट उपलब्ध। भिण्ड-ग्वालियर मैन रोड से मात्र 500 मीटर की दूरी पर सर्व सुविधा युक्त पक्की कॉलोनी गौरी नगर में प्लॉट उपलब्ध हैं।
500, 600, 800, 1000, 1200 वर्ग फुट

नोट : तुरन्त रजिस्ट्री कराने पर रजिस्ट्रीखर्चे में 25 प्रतिशत का खर्चा TOMAR ASSOCIATES द्वारा दिया जायेगा।

नवरात्री पर विशेष छूट बेटी वाले परिवार को 100 रू वर्गफीट की विशेष छूट रहेगी।

कॉल करें या मिलें 9 से 6 बजे तक

पता : 03 तोमर मार्केट, गायत्री मन्दिर वाली गली, पिन्टो पार्क, ग्वा. म.प्र.
मो.: 9713253992, 9165260261, 9111503705.

मुद्रक : भारत प्रिंटर्स,गिरिराज प्लाजा, पिन्टो पार्क, ग्वा. 9644042434

## उठावनी (श्रद्धांजलि सभा)





अत्यंत दुख के साथ सुचित करना पढ़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी **श्रीमति विध्यावती जायसवाल जी** (पत्नी स्व.श्री धन्नालाल जायसवाल)का आकस्मिक निधन 19/10/20 को हो गया है जिनकी उठावनी आज दिनांक 21/10/20 को बुधवार सांय 4 से 5 बजे रखी गई है।

**स्थान**-जैसवाल जैन धर्मशाला नई सडक( सांसद श्री विवेक नारायण शैजवलकर निवास के पास) रखी गई है।

**शोकिकुल(पुत्र-पुत्रवधु)** रामस्वरुप - अनिता, राकेश–स्वः नीरज, राजेश–राखी सुरेन्द्र–संगीता, बिष्णु–खुशबु,महेश–खुशबू( नानू)

**पौत्र—पौत्रवधु ) —साकेत** —शिल्पी,सुमित,अंकित, कुनाल,हिंमाशु,शशांक , सुर्याशं,मयंक, प्रयाशं, लभ्यांश

एवं समस्तजायसवाल (सिरमौरिया परिवार )

**फर्म—एस एन वेलवेट**
**जायसवाल डिस्क विजन**
**जायसवाल कंट्रक्सन**
**जायसवाल फ्लोर मिल**
**संगीन एक्सप्रेस समाचार पत्र**
**बेष्णौ केटर्स**
**माँ पीतांबरा कैमीकल**
**जायसवाल इटीरियर डिजायनर**
**परफेक्ट कैप्चर फोटो गैलरी**

मो. 9691757863 ,9425336022,942575389,9826372066 , 9300753233,9301580406

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

PTV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निकट हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478